
हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

12 पांच महीने में 427 दवाओं की जांच में 16 अमानक...



12 कस्टम मिलिंग : 25 % कनकी को करेंगे 10 तक...



# गणित का खौफ...दो दशक में पहली बार साइंस कॉलेज की सीटें खाली, छग महाविद्यालय भी तरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के साथ ही प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में प्रवेश का आज अंतिम दिन है। दो दशक में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब राजधानी के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में शामिल साइंस कॉलेज आखिरी दिन भी छात्रों का इंतजार कर रहा होगा। यहां इस वर्ष बीएससी गणित की सीटें नहीं भर सकी हैं। यहां बीएससी गणित की 420 सीटें हैं। इनमें से 70 से अधिक सीटें रिक्त हैं। इसके उलट बीएससी बायो, बीसीए व ▶▶|शेष पेज 11 पर

### साइंस कॉलेज सिर्फ गणित में अवसर

यहां बीएससी बायो की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर गई थीं। बीसीए और पीजीडीसीए की भी सीटें पैक्ड हैं। यहां प्रवेश के इच्छुक छात्रों को केवल बीएससी गणित में ही प्रवेश मिल सकता है। इसकी लगभग 80 सीटें रिक्त हैं।

### छग कॉलेज बीकॉम में भी 30 सीटें

यहां बीएससी गणित के साथ बीकॉम में भी सीटें रिक्त हैं। हालांकि कॉमर्स में रिक्त सीटों की संख्या अधिक नहीं है। बीकॉम की 240 में से 30 सीटें रिक्त हैं। इसी तरह से बीए में भी दो-चार सीटें खाली रह गई हैं, जिसमें छात्र प्रवेश ले सकते हैं।

- कॉलेजों में प्रवेश का आज अंतिम दिन, बीएससी गणित की हालत खराब
- बीकॉम-बीए की तुलना में बीबीए-बीसीए को अधिक तवज्जो



### डागा गर्ल्स कॉलेज : पीजीडीसीए में सिर्फ 12 प्रवेश

यहां पीजीडीसीए की 60 सीटें हैं। इनमें से केवल 12 में ही अब तक प्रवेश हो सके हैं। शेष सीटों के लिए छात्राएं आज आवेदन कर सकती हैं। बीए-बीकॉम की 400 सीटें हैं, जिनमें से लगभग 50% में प्रवेश हुए हैं। बीएससी की भी सीटें रिक्त हैं।

### दुर्गा महाविद्यालय बीकॉम में 30% व बीए में 50% सीटें

वाणिज्य संकाय के अध्ययन के लिए छात्रों की पहली पसंद माने जाने वाले दुर्गा महाविद्यालय में बीकॉम की 30% सीटें रिक्त हैं। इसके अलावा बीए की 50% सीटें खाली रह गई हैं। यहां बीकॉम की 880 और बीए की 500 सीटें हैं। बीबीए की 40 और बीसीए की 30 सीटें हैं, जो पहले ही भर चुकी हैं।

### महंत कॉलेज : बीकॉम में 15 व बीए में 30 सीटें

यहां बीबीए की 60 और बीसीए की 40 सीटें हैं, जो पहले ही भर चुकी हैं। बीकॉम की 450 में से 435 सीटों में प्रवेश हो चुके हैं। बीए की 300 सीटों में से 30 ही रिक्त हैं।

#### बीबीए-बीसीए पैक्ड

बीकॉम-बीए में सीटें रिक्त हैं। बीबीए-बीसीए में शुरुआती चरणों में ही दाखिले हो गए थे।
- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत कॉलेज

#### बदलता है ट्रेंड

पाठ्यक्रम को लेकर ट्रेंड बदलता रहता है। फिलहाल बीएससी गणित के स्थान पर कंप्यूटर बेस्ड कोर्स की सीटें अधिक तेजी से बढ़ रही हैं।
- डॉ.अमिताभ बनर्जी, प्राचार्य, साइंस कॉलेज

#### सीटें उपलब्ध

हमारे यहां भी बीकॉम-बीए की सीटें प्रवेश के लिए उपलब्ध हैं। हमारी नैक ग्रेडिंग बेहतर हुई है। हम छात्रों की मदद के लिए काउंसिलिंग भी कर रहे हैं।
- डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी, प्राचार्य, दुर्गा महाविद्यालय




## सर्विस रोड 400 मीटर तक बढ़ाने से कृष्णकुंज की ओर से आने जाने वाले सीधे कर सकेंगे प्रवेश

# तेलीबांधा से अवंति विहार की नई बाईपास सड़क तैयार, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के तेलीबांधा से अवंतिविहार की नई बाईपास सड़क अब शुरू होगी। इससे रोजाना हजारों लोगों को आए दिन ट्रैफिक जाम से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। कालोनी के भीतर तेलीबांधा चौक के पास लोग सीधे सर्विस रोड पहुंचेंगे। इस नई बाईपास सड़क बनाने का मकसद शहर में यातायात के दबाव को कम करना है। यह सर्विस रोड 400 मीटर तक बढ़ाई गई है, जिससे कृष्णकुंज की ओर से आने वाले लोग सीधे इसमें प्रवेश कर सकें। जिन्हें शहर से व्यावसायिक संस्थान की ओर आना-जाना है, वे सर्विस रोड से सीधे वहां पहुंच सकेंगे।

दरअसल, जीई रोड पर मत्स्य विभाग के पास अवंति विहार का प्रवेश मार्ग अब ट्रैफिक से मुक्त रहेगा। अवंति विहार के भीतर से बनी रोड के लिए तेलीबांधा चौक के पास सर्विस रोड को खोला जा रहा है। इससे अवंतिविहार सहित आसपास की ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अवंति विहार से जीई रोड की एंट्री पर अब नहीं लगेगा जाम



#### जनता को राहत देने दो बड़े बदलाव

तेलीबांधा चौक के पास नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने मिलकर आम जनता को राहत देने दो बड़े बदलाव किये हैं। पहली बात मेक इन इंडिया चौक के पास रोटेटरी को छोटा कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई गई है। रोटेटरी को 2 मीटर छोटा करने से सड़क पर एक अतिरिक्त लेन बन गई है। इस तरह यह रोड टू लेन की बन गई। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या से बचा जा सकेगा। इस मार्ग पर अक्सर ट्रैफिक सिग्नल खुलने से जाम की स्थिति बन जाती है। इसीलिए ट्रैफिक पुलिस ने रोड की चौड़ाई बढ़ाने का सुझाव नगर निगम को दिया था। सूत्रों के मुताबिक शहर की सबसे व्यस्त सड़क होने के कारण इस मार्ग से रोज करीब 1 लाख वाहन गुजरते हैं।

#### सड़क चौड़ाई बढ़ाने निगम मुख्यालय से हुआ काम

नगर निगम जोन 9 के अधिकारियों का कहना है कि ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए तेलीबांधा चौक के मेक इन इंडिया चौक पर निगम मुख्यालय से सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का काम किया गया है। पहले यह चौड़ाई 12 फीट थी, अब यह 16 फीट हो गई है। इससे आम जनता को आवागमन में सहूलियत होगी।


#### अवंतिविहार के रहवासियों को बड़ी राहत

ट्रैफिक विभाग के अफसरों के मुताबिक रोटेटरी को छोटा कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के साथ दूसरा कार्य अवंतविहार के लोगों के लिए सर्विस रोड को खोला जा रहा है। इससे अवंतिविहार सहित आसपास के लोग बायपास रोड से सीधे एनएच की सर्विस रोड पर आएंगे। सर्विस रोड से होते हुए वे महासमुंद के लिए आगे बढ़ेंगे। यह वन वे सड़क होगी। यह रोड आगे जाकर नेशनल हाइवे में खुलेगा। सिर्फ अवंतिविहार और आसपास के क्षेत्र के लोग ही इस सड़क का उपयोग कर सकेंगे।

#### सिग्नल पर लोड कम होगा

नई बायपास सड़क शुरू होने से तेलीबांधा चौक और वीआईपी रोड वाले सिग्नल पर लोड कम होगा। इसके साथ ही एक्सप्रेस हाइवे आने-जाने मार्ग पर भी यातायात का दबाव कम जो जाएगा। कुल मिलाकर तीन ऐसे पाइंट जहां पर रोज सुबह से लेकर देर शाम तक यातायात का दबाव ज्यादा रहता है, वहां नई बायपास शुरू होने से दबाव कम होगा।

## मानसून द्रोणिका रायपुर के ऊपर, बादल रायगढ़ और बस्तर में बरसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून द्रोणिका रायपुर होकर गुजर रही है, मगर बारिश का असर रायगढ़ और बस्तर जिले में नजर आया है। पिछले चौबीस घंटे में शहर के लोग उमस से हलाकान होते रहे और रायगढ़ में 120 और बास्तानार में 80 मिमी. बारिश हो गई। अगले दो दिन बस्तर, रायपुर, दुर्ग संभाग में व्यापक और अच्छी बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मानसून द्रोणिका समुद्र तल से फरीदकोट, कानपुर, मंडला, रायपुर, जगदलपुर होते बंगाल का खाड़ी तक मौजूद है। एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल के खाड़ी से आंध्रप्रदेश होते हुए दक्षिण ओडिशा तक मौजूद है। इसके प्रभाव से रायगढ़ और पुसौर में अतिभारी बारिश हुई। वहीं बस्तर बास्तानार, अंतागढ़ सहित अन्य इलाकों में भारी से मध्यम वर्षा दर्ज हुई। राजधानी रायपुर में मंगल-बुध की दरम्यानी रात हल्की बरसात हुई और दिनभर उमस ने लोगों को हलाकान कर दिया। बुधवार को यहां दर्ज तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। सिस्टम के प्रभाव से अगले दो दिन प्रदेश के मध्य और बस्तर में वर्षा की संभावना बनी हुई है। अगस्त के महीने में रायपुर जिले में अब तक भारी वर्षा की स्थिति नहीं बनी हुई। मौसम विभाग की माने तो राज्य में बारिश का आधा सीजन बीत गया है। अब अगस्त के दूसरे पखवाड़े और सितंबर का महीना बाकी है।

- दो दिन बस्तर, रायपुर, दुर्ग संभाग में संभावना बनी हुई

## खबर संक्षेप

### लेन-देन के विवाद पर हत्या, छह गिरफ्तार

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व पेशे से राजमिस्त्री गिरजाशंकर धीवर (28) की हत्या के आरोप में मधुसूदन लोधी, डिगेश्वर लोधी, जयप्रकाश लोधी, कमल उर्फ भकलू लोधी, अजय निषाद तथा नीलकंठ लोधी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मधुसूदन तथा गिरजाशंकर साथ काम करते थे। गिरजाशंकर मधुसूदन को हमेशा डांटने के साथ उसकी बीवी के सामने बेइजज्जत करता था। दोनों के बीच लेन देन की बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद मधुसूदन ने गिरजाशंकर को शराब पीने के लिए बुलाया। शराब पिलाने के बाद बदमाशों ने गिरजाशंकर की गमछे से गला घोंटा फिर सिर पर पत्थर से वार कर मौत के घाट उतार दिया।

### कार पार्क करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में कार पार्क करने के विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सार्थक शर्मा ने रेस्टोरेंट संचालक सन्नी रिजवानी तथा अन्य 10-15 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सार्थक ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार रात साढ़े आठ बजे सन्नी के रेस्टोरेंट स्थित पार्किंग में कार पार्क कर अपने दोस्तों का इंतजार कर रहा था। इस बात को लेकर सन्नी तथा रेस्टोरेंट स्टाफ ने मारपीट की। सन्नी ने सार्थक शर्मा, प्रियेश बग्गा तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।


### नौकरी लगवाने का झांसा देकर दो लाख की ठगी


**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक की नौकरी लगवाने का झांसा देकर दो लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कबीरधाम निवासी श्रुति मांडले ने कमल सोनवानी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। श्रुति ने पुलिस को बताया है कि कमल ने अपने आपको मंत्रालय कर्मी तथा अफसरों से जान पहचान होने का झांसा देकर नौकरी लगाने की बात कह कर उससे दो लाख की ठगी की। कमल ने वर्ष 2024 में महिला के साथ ठगी की थी।

### लेन-देन विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना में एक किशोर ने एक युवक के खिलाफ लेन-देन के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमलीडीह निवासी 17 वर्षीय किशोर जो पेशे से कारोबारी है, उसने सचिन पोपटानी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया है कि सचिन ने उससे 10 हजार रुपए उधार लिया था।

## मैं हूं डॉन, 15 को मिलो नया रायपुर में, खेलते हैं मौत का खेल स्टंटबाजों की पुलिस को चुनौती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सोशल मीडियो में स्टंटबाजों का वीडियो वायरल
- कई घटना होने के बाद भी सुधरने का नाम नहीं ले रहे बिगड़ैल

बाइक स्टंट करने वालों से लेकर बदमाश अपना प्रमोशन करने सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। ऐसे ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें स्टंटबाज पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। स्टंटबाजों ने अपने साथियों को 15 अगस्त को नया रायपुर में बाइक स्टंट का प्रमोशन करने तीन से चार वीडियो पोस्ट किया है। ट्रैफिक पुलिस वायरल पोस्ट के आधार पर लड़कों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

स्टंटबाजों ने सोशल मीडियो में जो पोस्ट किया है, उसमें 15 अगस्त कमिंग सून का कैप्शन लिखा है। साथ ही वायरल वीडियो में मैं, हूं डॉन गाने का वीडियो बनाकर स्टोरी लगाई है। स्टंटबाजों ने वीडियो के कैप्शन में 15 को मिलो नया रायपुर में पब्लिक, खेलते हैं मौत का खेल जैसा स्लोगन लिखा है। एक लड़का बाइक के पीछे एक युवती को बैठाकर बाइक से स्टंट करता दिख रहा है। दूसरे वीडियों में 35-40 लड़के एक साथ स्टंटबाजी करते दिख रहे हैं।

#### पूर्व की घटनाओं से सबक नहीं ले रहे

नया रायपुर में स्टंटबाजी करने के दौरान कई मौतें हो चुकी हैं। बावजूद इसके स्टंटबाज सुधरने का नाम नहीं ले रहे। नया रायपुर में आए दिन हो रहे हादसे को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस अभियान भी चलाती है। बावजूद इसके स्टंटबाजों पर कोई फर्क नहीं रड़ रहा है। ट्रैफिक डीएसपी के अनुसार 15 अगस्त को नवा रायपुर में बैरिकेडिंग की जाएगी। साथ ही सिविल में ट्रैफिक के साथ राखी, मंदिर हसौद तथा अभनपुर पुलिस सादी वर्दी में नया रायपुर में पेट्रोलिंग करेगी।

## कमेटियों ने जांच रिपोर्ट अब तक नहीं सौंपी, मोहलत का आज आखरी दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर और धमतरी जिले में भारतमाला परियोजना घोटाले के मामले में आई दावा-आपत्तियों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने चार समितियां गठित की हैं। इन समितियों को एक माह के अंदर दावा-आपत्ति एवं शिकायतों की जांच कर इसकी रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन डेढ़ माह बाद भी समितियों ने जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की। इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए संभाग आयुक्त ने चारों समितियों को 15 दिनों की मोहलत दी थी, जिसकी अवधि 15 अगस्त को खत्म हो रही है, लेकिन इस दिन अवकाश है। इस कारण कमेटियों को 14 अगस्त तक किसी भी स्थिति में जांच रिपोर्ट संभाग कार्यालय में जमा करानी है। इधर सूत्रों से पता चला कि बुधवार तक चार में से एक भी कमेटी ने जांच ▶▶|शेष पेज 11 पर

#### इन ग्रामों से आए आवेदनों की समितियां कर रहीं जांच

उपायुक्त ज्योति सिंह की समिति पचेड़ा, भेलवाडीह, कुरूं, झांकी, बिरोड़ा, टेकारी, उगेतरा एवं उसके आसपास के प्रभावित गांव की जांच करेगी। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे की समिति नायकबांधा, पारागांव, उरला, मोतियाडीह, सरसदा, आरंग, अभनपुर, सारंगी, बासवाही एवं उसके आसपास के प्रभावित क्षेत्र के ग्राम, अपर कलेक्टर निधि साहू की समिति चरौदा, निसदा, गोइंदा, अकोलीकला, भिलाई एवं आसपास के गांव तथा अपर कलेक्टर इंदरा देवहारी की समिति को सिवनीकला, कुरुद, उमरदा, सिर्री, सरगी, चिवरी, भरदा एवं आसपास के प्रभावित क्षेत्र के गांव के आवेदनों की जांच करना है।

#### आज पता चलेगा समितियों ने जांच पूरी की या नहीं

सभी समितियों को जांच रिपोर्ट पेश करने 15 दिनों का समय दिया है। 14 अगस्त को आखिरी दिन है, इसलिए आज ही क्लीयर हो पाएगा कि समितियों ने जांच पूरी की या नहीं।
- महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर

## हाईटेक जालसाज ने बैंक को भी नहीं छोड़ा नियमित ग्राहक बन ठग लिए 17 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामसागार स्थित स्टेट बैंक की शाखा के साथ अज्ञात जालसाज ने बैंक का ग्राहक बनकर ऑनलाइन 17.80 लाख रुपए की ठगी कर ली। बैंक के साथ ऑनलाइन ठगी का यह संभवतः पहला मामला है। जालसाज ने जिस ग्राहक के नाम से बैंक के साथ ऑनलाइन ठगी की, उसी ग्राहक ने बैंक प्रबंधन को उसके साथ ठगी होने की जानकारी दी, तब बैंक प्रबंधन को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। घटना आजाद चौक थाना क्षेत्र की है। बैंक मैनेजर आशुतोष कुमार ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। आशुतोष ने पुलिस को बताया कि बैंक के पूर्व मैनेजर कार्तिकेय ने उसके पास आठ अगस्त को कॉल किया। उसने बताया कि उसके पास कृष्णा बिल्डर्स के पार्टनर सुनील थापड़िया का कॉल आया था। पूर्व मैनेजर ने वर्तमान मैनेजर को बताया कि सुनील बैंक का पुराना ग्राहक है, उन्हें ▶▶|शेष पेज 11 पर



- ठगी की जानकारी मिलने पर एक लाख रुपए होल्ड कराए
- गूगल से नंबर हासिल किया पूर्व मैनेजर का और वर्तमान मैनेजर को कॉल कर की ठगी

#### वाट्सएप से डिटेल भेज ठगी

आशुतोष के अनुसार जालसाज ने कॉल कर किसी काम से रजिस्ट्री ऑफिस में होना बताते हुए वाट्सएप में अपनी बैंक डिटेल देने के साथ एक आवेदन दिया। वाट्सएप से मिले आवेदन के आधार पर बैंक मैनेजर ने 17.80 हजार रुपए एनईएफटी कर दिया। सुनील थापड़िया के पास एनईएफटी का मैसेज आया, तो उसने बैंक मैनेजर को कॉल कर किसी तरह से एनईएफटी करने की बात से इनकार करते हुए बैंक प्रबंधन को उनके साथ ठगी होने की जानकारी दी। जिस अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है, वह अकाउंट राजस्थान के किसी सरफराज अंसारी के नाम से है।

#### *ऐसे की ठगी*

*पुलिस को आशंका है कि जालसाज को सुनील के बैंक तथा उसके अकाउंट के बारे में पहले से जानकारी होगी। इसके बाद जालसाज ने मैनेजर का नंबर गूगल से सर्च कर हासिल किया होगा। आशुतोष एक माह पूर्व ट्रांसफर होकर आया है। आशुतोष का बैंक में नंबर अपडेट नहीं हुआ होगा। इस वजह से जालसाज ने जिस नंबर पर कॉल किया, वह बैंक के पूर्व मैनेजर के पास लग गया। इसके बाद जालसाज ने बैंक के पूर्व मैनेजर से वर्तमान मैनेजर का नंबर हासिल कर कॉल किया। पूर्व तथा वर्तमान मैनेजर के पास जो कॉल आया, उसमें ट्रू कॉलर में सुनील थापड़िया तथा वाट्सएप में उसी का फोटो दिख रहा था।*

#### *बैंक प्रबंधन की लापरवाही*

*सायबर पुलिस के अनुसार बैंक प्रबंधन की लापरवाही का फायदा उठाते हुए जालसाज बैंक को चूना लगाने में कामयाब रहा। एक्सपर्ट के अनुसार एनईएफटी करने के पूर्व कारोबारी के बैंक में रजिस्टर्ड नंबर पर कॉल कर पुष्टि करनी थी। इसके अलावा जानकार वाट्सएप से आवेदन स्वीकार करने पर सवाल उठा रहे हैं। एक्सपर्ट के अनुसार कारोबारी की उपस्थिति में बैंक प्रबंधन को एनईएफटी करना था।*

## ड्रग पीने का वायरल वीडियो, पांच को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुरानी बस्ती पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से कर रही पूछताछ

ड्रग तस्करी के साथ सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 19 ड्रग पैडलरों के अलावा कोतवाली क्षेत्र में तीन ड्रग तस्कर तथा सेवन करने वालों के पकड़े जाने के बाद पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने बुधवार को पांच और लड़कों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है, पुलिस ने जिन लड़कों को हिरासत में लिया है, उनका कुछ दिन पूर्व एक फार्म हाउस तथा कार में ड्रग पीने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने पांच लड़कों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार जिन लड़कों को हिरासत में लिया गया है, उनके द्वारा ड्रग बिक्री की जाती थी या नहीं, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर जो तथ्य सामने आएंगे, पुलिस आगे कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार हिरासत में लिए गए लड़कों को ड्रग कहां से मिलता था, पुलिस इस संबंध में लड़कों से पूछताछ कर रही है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411


7% TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
ANANTRA
FEEL THE FREEDOM
HAPPY INDEPENDENCE DAY
OFFER
ANANTRA MART
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
सब के लिए सब कुछ
Come & Discover Something New & Exciting Offers With Us
Offer Valid Till 07th to 17th Aug. 25 for Limited Stock*
BUY 1 GET 1 FREE
भारतीय मिठाईयां, नमकीन, एवं कुकीज
अनंतरा फ्रेश हर्बल क्लीनर 5 लीटर MRP ₹450 अनंतरा मूल्य ₹79
स्टेन फ्रेश रूम फ्रेशनर 275 एमएल MRP ₹199 अनंतरा मूल्य ₹79
संतूर हैण्डवाश 675 एमएल MRP ₹99 अनंतरा मूल्य ₹79
अदिगो बज़्ज डियो 165 एमएल MRP ₹199 अनंतरा मूल्य ₹79
श्री हरी कूल ट्रैक वाटर बोतल 900 MRP ₹180 अनंतरा मूल्य ₹79
श्री हरी कूल स्पोर्टिंगो वाटर बोतल 900 MRP ₹199 अनंतरा मूल्य ₹79
वीश क्लीन फ्लोर क्लीनर 1 लीटर + 500 एमएल MRP ₹199 अनंतरा मूल्य ₹79
अरिस्तोक्रैट स्ट्रोम ट्राली 3 पीस सेट MRP ₹27999 अनंतरा मूल्य ₹4979
अरिस्तोक्रैट सोनेट ट्राली 1 पीस सेट MRP ₹6250 अनंतरा मूल्य ₹1479
गाला क्विक स्पिन मोप सेट MRP ₹1399 अनंतरा मूल्य ₹779
EXCLUSIVE OFFER Purchase ₹1999* Get ₹1 WATER BOTTLE
फियामा जेल बार 3 पैक MRP ₹210 अनंतरा मूल्य ₹139
क्लोज़अप ट्रिपल फ्रेश टूथ पेस्ट 150+150 ग्राम MRP ₹240 अनंतरा मूल्य ₹159
ओडोनिल नीम एयर फ्रेशनर 4 पैक MRP ₹220 अनंतरा मूल्य ₹99
निलोंस टोमेटो केटचप 950 ग्राम MRP ₹150 अनंतरा मूल्य ₹59
निलोंस सेजवान चटनी 250 ग्राम MRP ₹100 अनंतरा मूल्य ₹45
EXCLUSIVE OFFER Purchase ₹4999* Get 1 TIFFIN BOX
शक्कर 1 किलो अनंतरा मूल्य ₹45
तुअर दाल रेगुलर 1 किलो अनंतरा मूल्य ₹96
पारले जी गोल्ड 2 किलो MRP ₹320 अनंतरा मूल्य ₹210
पारले रस्क 1 किलो MRP ₹240 अनंतरा मूल्य ₹179
बीकाजी बीकानेरी भुजिया 1 किलो MRP ₹350 अनंतरा मूल्य ₹213
काजू 100 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹79
बादाम 100 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹79
अग्रवाल 420 खमण ढोकला 500 ग्राम MRP ₹136 अनंतरा मूल्य ₹95
ब्रूक ब्रॉंड रेड लेबल चाय 1 किलो MRP ₹560 अनंतरा मूल्य ₹389
वाघ बकरी नवचेतन चाय 1 किलो MRP ₹240 अनंतरा मूल्य ₹185
नाकोड़ा रसगुल्ला 1 किलो MRP ₹240 अनंतरा मूल्य ₹101
नाकोड़ा गुलाब जामुन 1 किलो MRP ₹250 अनंतरा मूल्य ₹110
चिंतम सोनपापड़ी 400 ग्राम MRP ₹150 अनंतरा मूल्य ₹70
परिवार बेसन लड्डू 400 ग्राम MRP ₹240 अनंतरा मूल्य ₹79
नाकोड़ा पंजाबी मिक्सचर 900 ग्राम MRP ₹270 अनंतरा मूल्य ₹99
पतंजलि आटा नूडल्स चटपटा, 280 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹51
रियल जूस मिक्स* 1 लीटर MRP ₹130 अनंतरा मूल्य ₹79
कोल्ड्रिंक्स मिक्स* 2 लीटर MRP ₹100 अनंतरा मूल्य ₹65
ब्रिटानिया ट्रीट वेनीला क्रीम बिस्कुट 515 ग्राम MRP ₹180 अनंतरा मूल्य ₹B1G2
ब्रिटानिया न्यूट्री चॉइस बिस्कुट 1 किलो MRP ₹220 अनंतरा मूल्य ₹141
Terms & Condition Apply*
जगह एवं फेन्चाइजी की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में संपर्क करें :- 799 2799 220
Customer Care : 7992 7992 20
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जोहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073
लिंतिषा बिज़नस पार्क, रायपुर रोड, बेमेतरा, मो. 9689968941
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्ते लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं। ऑफर सस्टॉक रहने तक। दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं। ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं। सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं।

## खबर संक्षेप



### हलषष्ठी पूजा आज महिलाएं तैयारी में

**आरंग।** अंचल में हलषष्ठी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दिन माताएं संतान की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के लिए हलषष्ठी का व्रत रखती हैं। व्रत में माताएं छः प्रकार की भाजियो से निर्मित साग, पशहर चांवल, भैस के दूध, दही और घी का सेवन कर अपना व्रत सम्पन्न करती है। वहीं इस व्रत में जिस साग और चावल का उपयोग किया जाता है वह बिना हल चले स्थानों में उगा हुआ होता है। हल चले हुए स्थान से उगे छः प्रकार के अन्न व दालों को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। जिस स्थान पर पूजन करती है वहां सगरी खोदकर विधि विधान से पंडितों द्वारा पूजा आराधना कराई जाती है और हलषष्ठी माता की कथा का श्रवण करती है। इस व्रत में दोना पत्तल में पशहर चांवल, लाई, महुआ का प्रसाद वितरण किया जाता है। वहीं अंचल में महिलाएं काफी उत्साह से हलषष्ठी का पर्व मनाने की तैयारी में जुटीं है।

### जन्माष्टमी पर मटका फोड़ दही लूट कार्यक्रम 16 को

**अभनपुर।** दुग्ध व्यवसायी कल्याण संघ नवा रायपुर द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा,मटका फोड़ व दही लूट का कार्यक्रम 16 अगस्त शनिवार को सेक्टर 27 गार्डन के पास रखा गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिपं.उपाध्यक्ष संदीप यदु,अध्यक्षता धमेन्द्र कुमार पटेल सरपंच व विशिष्ट अतिथि जिपं.सदस्य भीनू सुजीत घिदौड़े,जनपद सदस्य वीरेन्द्र हिरवानी सहित अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेगे। इस मौके पर श्री कृष्ण राउत नाचा एवं बजरंग अखाड़ा दल की विशेष प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी लोकेश यादव द्वारा प्रदान की गई है।

### शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई नहीं

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा एवं खरोरा शहर व क्षेत्र में जमकर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है, हर वार्डों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री सुबह से देर रात तक जारी है जिस पर आबकारी विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा रहा है।

**अपराध : पेंमेंट के लेन-देन पर गिरिजाशंकर से गाली गलौज करता था**

# आरंग राजमिस्त्री हत्याकांड का खुलासा 12 घंटे में छह आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। 12 अगस्त को गिरिजाशंकर धीवर की हत्या हुई थी, जिसकी लाश राटाकाट रोड में नाला के पास मिली थी। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पैसों के लेन-देन में वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। 11 अगस्त को सुबह आरंग में प्रहलाद लोधी ठेकेदार के पास काम करने गया था। दोपहर लगभग एक बजे आधा काम छोड़कर थोड़ी देर में आता हूं कहकर निकला था, जो वापस नहीं पहुंचा। खोजबीन करने पर उनकी लाश नाला के पास मिली थी।

- मधुसूदन पर योजना बनाने का आरोप, डिगेश्वर, अजय, नीलकंठ, जयप्रकाश और कमल लोधी अपराध में शामिल



#### रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व झगड़ा

पुलिस को जांच में पता चला कि गांव के ही मधुसूदन लोधी मृतक गिरिजाशंकर की ही तरह राजमिस्त्री का काम करता है, दोनों साथ में काम करते थे। दोनों के बीच रक्षाबंधन त्यौहार के एक दिन पूर्व झगड़ा हुआ था, तब संदेही मधुसूदन लोधी के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्र कर उस दिशा में जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि मधुसूदन लोधी और कुछ अन्य संदिग्ध लड़कों के साथ मृतक गिरिजाशंकर को आरंग शराब दुकान के आगे राटाकाट रोड पर देखा गया। इसके आधार पर मधुसूदन लोधी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। उसने बताया कि गिरिजाशंकर धीवर के साथ छटेरा में राजमिस्त्री का काम किया था, जिसके पेंमेंट की लेन-देन को लेकर गिरिजाशंकर उससे गाली गलौज करता था. पत्नी के सामने भी मधुसूदन को अश्लील गालियां दी थी, जिससे बदला लेने के लिए मधुसूदन ने उसकी हत्या की योजना बनाई। मधुसूदन ने योजनाबद्ध तरीके से छटेरा के काम का हिसाब करना है कहकर अपने अन्य साथियों डिगेश्वर लोधी, अजय निषाद, नीलकंठ लोधी उर्फ बिल्ला, जयप्रकाश लोधी और कमल उर्फ भकलू लोधी को पैसे का लालच देकर अपने योजना में शामिल किया।

#### गमछा से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी

गिरिजाशंकर को भी हिसाब किताब के बहाने बुलाया। इस दौरान सभी ने शराब पिया, शराब पीने के दौरान झगड़ा कर गिरिजाशंकर से मारपीट की गई और मधुसूदन ने गमछा से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य को छुपाने के लिए घटना में प्रयुक्त गमछा को हथमार तालाब के पचरी में ले जाकर जला दिया और मृतक के मोबाइल को झलमला तालाब में फेंक दिए। मधुसूदन लोधी ने घटना के बाद सभी सहयोगी आरोपियों को पार्टी दी। विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त दो बाइक, दो नग मोबाइल जप्त किया गया है। सभी आरोपियों मधुसूदन लोधी उर्फ मधु पिता स्व. मुकेश लोधी उम्र 27 साल ग्राम भोथली थाना आरंग, डीगेश्वर लोधी पिता मनोज लोधी उम्र 25 साल ग्राम ठाकुरदियापारा ख़मतराई रोड आरंग, जयप्रकाश लोधी पिता देवराज लोधी उम्र 25 वर्ष सा. नया बिजली ऑफिस के पास आरंग, कमल उर्फ भकलू पिता संतोष लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी अवंती चौक आरंग, अजय निषाद पिता रूपेश निषाद उम्र 18 वर्ष निवासी रामनगर चौक आरंग थाना आरंग, नीलकंठ लोधी पिता यादराम लोधी उम्र 19 वर्ष निवासी अवंती चौक आरंग थाना आरंग को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# सगाई की औपचारिकता नहीं शादी करें, फिजूल खर्च पर लगेगा विराम : ठेठवार समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां /कूंरा

दो दिवसीय बस्तर भ्रमण यात्रा मे बड़ी संख्या मे किरना पार ठेठवार समाज यात्रा मे निकले थे पहला दिन चित्रकोट,बारसूर,गिदम होते दंतेवाड़ा मे रात्रि विश्राम कांकेर राज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरेन्द्र यादव के सहयोग से धर्मशाला मे ठहरे थे दूसरा दिन दंतेवाड़ा मा दंतेश्वरी का दर्शन कर तीरथगढ़, होते जगदलपुर समाज के वरिष्ठ स्थानीय पदाधिकारी जगदलपुर पूर्व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव जगदलपुर पूर्व अध्यक्ष व पूर्व पार्षद श्री बलराम यादव से मुलाक़ात कर समाजिक चर्चा परिचर्चा की।

- सामाजिक परिचर्चा के बाद निकाल गया निष्कर्ष

यात्रा के समापन अवसर पर किरना पार यात्रा मे शामिल समस्त पदाधिकारी गण का रायपुर राज अध्यक्ष श्री संतोष यदु के अगुवाई मे दो दिवसीय भ्रमण यात्रा मे निकले किरना पार यादव ठेठवार समाज का वापसी मे ग्राम केंद्री मे स्वागत व सप्रेम भेट कर सम्मान किया गया इस अवसर पर रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु, भेलवाडीह पार अध्यक्ष उधो राम यदु,रायपुर राज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश यादव ,मुकेश यादव अशोक यादव उपस्थित हुवे पूरे यात्रा मे एक महत्वपूर्ण विषय पर चितन हुवा विवाह के समय सगाई जैसे फिरजूल खर्च पर विराम लगाने आगामी बैठक मे प्रस्ताव लाकर निर्णय लेने का एकमत चर्चा किया गया है इसके जगह सिर्फ लग्न पत्रिका को पुनः मजबूत करने सबने समर्थन किया इस यात्रा मे किरना पार ठेठवार समाज से उपस्थित सरक्षक मनीराम यादव अध्यक्ष कुलेश्वर यदु उपाध्यक्ष जनक राम यदु सलाहकार आशाराम यदु,सचिव बंशी यदु कोषाध्यक्ष कमलेश यदु सहसचिव राजेश यदु सलाहकार भागवत यदु सभापति मनोहर यदु प्रवक्ता उमेश यादव सदस्य शिव यदु आनंद राम यादव युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धनेश्वर यादव उपाध्यक्ष मनोज यदु सचिव प्रकाश यदु कोषाध्यक्ष गज्जू यदु सहसचिव दिलीप यदु तिजऊ यदु रोहित यदु सोनू यदु हरिश यादव रिंकू यादव ताकेशवर यदु भूपेंद्र यादव धनेश यदु मनी राम यदु संजय यादव पंचराम यदु अक्कू यदु श्रवण यदु राकेश यदु मुकेश यादव मकुंदा यादव अमृत लाल यादव रेनू यदु राधेश्याम यदु मनोज यदु अन्य बड़ी संख्या मे शामिल हुवे थे।

# गंगरेल बांध से छोड़ा पानी किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



लंबे इंतजार के बाद गंगरेल बांध से छोड़ा गया पानी अब महानदी मुख्य नहर में पहुँच चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। नहरों में पानी आने से धान की फसल को संजीवनी मिल गई है और खेतों में फिर से हरियाली लौटने लगी है। सहकारी समिति फरफौद के प्राधिकृत अध्यक्ष व किसान नीरज चन्द्राकर ने सिचाई विभाग और शासन के इस समय पर लिए गए निर्णय के लिए आभार जताते हुए कहा कि हम किसानों के लिए यह पानी जीवनदायिनी साबित होगा। पिछले कई दिनों से नहरों में पानी के अभाव में धान की फसल मुरझाने की स्थिति में थी, जिससे हमारी मेहनत पर पानी फिरने का डर था। गंगरेल बांध से पानी छोड़कर महानदी मुख्य नहर में प्रवाहित करने का निर्णय समय पर लिया गया, जिसके लिए हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। यह पानी न केवल मौजूदा फसल को बचाएगा, बल्कि समय पर निदाई और चलाई के काम को गति देगा। अब खेतों में हरियाली लौटेगी, किसानों के चेहरे पर मुस्कान आएगी और बेहतर उपज की उम्मीद फिर से जाग उठी है।किसानों का कहना है कि इस निर्णय से उन्हें यह भरोसा मिला है कि उनकी मेहनत और जीविका दोनों सुरक्षित रहेंगी। वहीं ग्रामीण अंचलों में पानी पहुँचते ही कृषि कार्य में तेजी आने की संभावना है।

# हर घर तिरंगा अभियान पर गोढ़ी में हुई विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता' थीम को लेकर शा.उ.मा.वि. गोढ़ी स्थित हाई व मिडिल स्कूल के बच्चों व शिक्षको द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की शपथ ली। तिरंगा शपथ के दौरान विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने घर–आंगन में तिरंगा फहराएंगे तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व, राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान, और स्वच्छता के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए। बच्चों से कहा गया कि वे अपने माता–पिता व परिवार के सदस्यों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें और आस–पास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के साथ–साथ स्वतंत्रता का उत्सव – स्वच्छता के थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें तिरंगा गीत, नारेबाजी, चित्रकला व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता शामिल रही। विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता रैली भी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने गांववासियों को स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन हुआ और अंत में सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया। पूरा आयोजन देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता से सराबोर रहा, जिसमें बच्चों की ऊर्जा और उत्साह देखते ही बन रहा था।

# ग्राम चरौदा की तिरंगा यात्रा में बालक-पालक हुए शामिल



**आरंग।** बुधवार को कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार ग्राम चरौदा में जनप्रतिनिधियों ,पालकों और स्कूली बच्चों ने मिलकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली। रैली में हर घर स्वच्छता संबंधी नारे लगाए गए। साथ ही राष्ट्रीय भावना एवं देशप्रेम की शपथ दिलाई गई। रैली में सरपंच देवशरण धीवर, उपसरपंच रवि बंजारे सहित सभी पंचो ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ज्ञात हो कि इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधान-पाठको, प्राचार्यों व पालकों से अपील किए हैं।इसी अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों एवं पंचायतों में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

पेज 09 के शेष...

### गणित का खौफ...दो दशक...

पीजीडीसीए की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर गई थी। बीएससी गणित की स्थिति साइंस कॉलेज सहित सभी बड़े महाविद्यालयों में है। छत्तीसगढ़ कॉलेज में बीएससी गणित की 90 सीटें हैं। इनमें से आधी सीटों पर ही दाखिले हो सके हैं। महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित शिक्षाविदों के अनुसार, छात्रों में गणित का खौफ बढ़ता जा रहा है। इस कारण वे इससे दूरी बना रहे हैं। इसके स्थान पर कंप्यूटर आधारित कोर्स को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, महाविद्यालयों में जुलाई अंत तक मेरिट लिस्ट के आधार पर दाखिले दिए गए। इसके बाद रिक्त सीटें सभी के लिए खोल दी गई हैं। अर्थात इनमें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जा रहे हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त तय की गई है।

### तेलीबांधा से अवंतिविहार...

कालोनियों की बड़ी आबादी को मत्स्य विभाग दफ्तर के पास जीई रोड में प्रवेश करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कालोनी के भीतर से तेलीबांधा चौक के पास लोग सीधे सर्विस रोड पहुंचेंगे। इससे उनका समय और ईंधन की बचत होगी। इस नई बाईपास सड़क को शुरू करने नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। यही नहीं, इस रोड को सुंदर स्वरूप देने आकर्षक चित्रकारी की गयी है, जिसमें आपरेशन सिंदूर और यातायात जागरूकता संबंधी संदेश दर्शाये गये हैं।

### कमेटियों ने जांच...

रिपोर्ट जमा नहीं कराई है। अब देखना यह है कि ये समितियां समय-सीमा में जांच रिपोर्ट सौंप पाती हैं या नहीं। जांच के लिए इन समितियों को सौंपा गया है दायित्व दावा-आपत्तियों के आवेदनों की जांच के लिए संभाग कमिश्नर ने संभाग उपायुक्त ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर निधि साहू, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे को रायपुर जिले के लिए एवं धमतरी जिले के लिए अपर कलेक्टर इंदरा देवहारी के नेतृत्व में समिति गठित की है।

**कुछेक समिति ने की जांच पूरीः** दावा-आपत्तियों की जांच कर रही समितियों में कुछेक समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है। ये समितियां गुरुवार को संभवतः रिपोर्ट भी संभाग कार्यालय में जमा कराएंगी। एक समिति में शामिल अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने बताया कि वे जिस समिति में हैं, उसमें दावा-आपत्ति के लगभग 40 आवेदन हैं। इन सभी आवेदनों पर जांच पूरी कर ली है, जिसकी रिपोर्ट आज सौंप दी जाएगी।

### हाईटेक जालसाज ने बैंक...

रकम की जरूरत है। पूर्व मैनेजर ने वर्तमान से ग्राहक के लिए रकम फाइनेंस करने कहा। दो दिन बाद 11 अगस्त को जालसाज ने सुनील थापड़िया बनकर बैंक मैनेजर को कॉल किया और पैसों की जरूरत होने की बात कही। कारोबारी ने बैंक मैनेजर से रकम एनईएएफटी करने कहा।



# सगुनी में विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में ग्राम पंचायत व प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में पंचायत प्रतिनिधि, स्कूली बच्चों व शिक्षको ने भारत माता की जय, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का नारा लगाते हुए गली भ्रमण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, ग्राम पंचायत सचिव हबिराम साहू, प्रधान पाठक कालेन्द्री ध्रुव, माखन यादव, संजय कुमार साहू, अंजनी साहू, रोशनी निषाद, तारामती साहू, मितानिन कालेंद्री वर्मा, राजू कन्नौजे, रोजगार सहायक धनेश्वर वर्मा, पटवारी नंद कुमार राय, कोटवार मोहन दास मानिकपुरी, गिरधर चौहान, बल्लू चौहान, सीताराम साहू, दुष्यंत यादव, तेज सिंह निषाद, टेकराम यादव, भुनेश्वरी साहू, केशर निषाद, पंकज यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री कपील गुप्ता पिता स्व. नंद किशोर गुप्ता, निवासी-बोरियाखुर्द, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री सनत कुमार साहू पिता स्व. श्री बसन्त लाल साहू निवासी-भाठागांव, रायपुर तह व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनकी इकरारशुदा भूमि, जो कि मूल भूमि स्वामी श्रीमती सरस्वती तारक पति श्री बसन्त तारक निवासी- अमीनपारा, रायपुर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, उक्त इकरारशुदा भूमि वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द, प.ह.नं. 71, रा.नि.मं.- रायपुर- 14, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित, भूमि स्वामी हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित खुली भूमि, जिसका खसरा नं.- 386/18 का रकबा 0.0470 हे. अर्थात 5000 (पाँच हजार) वर्गफुट भूमि, है, उक्त भूमि को क्रय करने बाबत पक्की बातचीत कर, पक्का सौदा तय किया जा चुका है, केवल बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर में मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि/संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

दिनांक - 12/08/2025 स्थान- रायपुर (छ.ग.)

भवदीय
**मुकेश कुमार साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह**
**अधिवक्तागण,**
**मोती नगर बोरियारोड रायपुर,**
**पो. सुन्दरनगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 98271-16487,**
**93002-96804, 98271-91198**

## नाम परिवर्तन

यह सूचित किया जाता है कि मैं, हरीश कुमार राघवानी, पिता श्री करम सिंह राघवानी, निवासी फ्लैट नं. 1003, ब्लॉक एफ, दसवीं मंजिल, रहेजा रेसिडेंसी, संट जेवियर स्कूल के सामने, अवंती विहार, शंकर नगर, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492007, ने अपना नाम परिवर्तित कर हरीश राघवानी कर लिया है। अब से मुझे सभी कार्यों, सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में हरीश राघवानी नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा।

**शपथकर्ता**
**पूर्व नाम: हरीश कुमार राघवानी**
**नया नाम: हरीश राघवानी**
**पताः फ्लैट नं. 1003, ब्लॉक एफ, दसवीं मंजिल, रहेजा रेसिडेंसी, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, अवंती विहार, शंकर नगर, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छ.ग. - 492007**

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

## ।। नोटिस ।।

क्रमांक /76/ब-121 /2024-25/684

रायपुर, दिनांक 04 अगस्त, 2025

**प्रति,**
अमित सारथी पिता महेश सारथी, निवासी मकान नं. 878 चिदम्बरा बाजार आमापारा, जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया तेलीबांधा शाखा रायपुर की ओर से पंकज लालवानी अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 15,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, आपके स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 17,88,517.95 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया तेलीबांधा शाखा रायपुर से 15,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा पचेडा प.ह.नं. 81/2 रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील आरंग रायपुर स्थित ख.नं. 1155/2 का भाग रकबा 1265 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18.08.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 04 अगस्त, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग )**

## // शपथ पत्र //

मै धरसिंग राउत (**DHARSINGH RAUT**) उम्र 35 वर्ष पिता पिलाराम राउत निवासी वार्ड नं.-04, आमानारा, नुआपाड़ा, उड़िसा का निवासी हूं जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि भारतीय जीवन बीमा निगम में जमा योजना के अन्तर्गत राशि जमा किया गया था। जिसका पॉलिसी नंबर - 358595829 है। जिसमे मेरा नाम **DHAN SINGH YADAV** दर्ज है।
3. यह कि, भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम धरसिंग राउत (**DHARSINGH RAUT**) दर्ज है। जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि, **DHAN SINGH YADAV** एवं **DHARSINGH RAUT** दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है मैं उपरोक्त दोनो नामो से जाना व पहचाना जाता हूं।
5. यह कि, मैं उक्त पॉलिसी से मेरा नाम **DHAN SINGH YADAV** को विलोपित कराकर उसके स्थान पर धरसिंग राउत (**DHARSINGH RAUT**) आधार कार्ड के अनुसार दर्ज करवाना चाहता हूं।
6. यह कि, मै यह शपथ पत्र उपर वर्णित कथनों के समर्थन में संबंधित सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**


**-: सत्यापन :-**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता है कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में वर्णित कथन मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

स्थान- मंदिर हसौद
दिनांक-23/05/2025

**धरसिंग राउत**
**शपथकर्ता**



## खबर संक्षेप



### पूर्व वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान

**रायपुर।** महावीर शिक्षा प्रसार समिति द्वारा महेश भवन में बुधवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में महावीर प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के समस्त पूर्व वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। जिसमें विद्यालय के पूर्व प्राचार्य देवांगन सर, प्राधनपाठक मोहन सर एवं वरिष्ठ शिक्षक जसवाल सर, सेन सर, शिक्षिका अयोध्या मैडम आदि है। यह सम्मान विद्यालय के पदाधिकारी अध्यक्ष विजय सिंह जडेजा, सचिव अरुण कुमार राठी एवं समस्त सदस्य व विद्यालय के प्राचार्य तपन कुमार चौधरी ने किया। इसी दौरान बच्चों द्वारा इन सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### ट्रिपल मर्डर केस की सुनवाई फ़ास्ट ट्रेक कोर्ट में कराने और मुआवजा देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों और क़ानून-व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता व सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से तत्काल कड़े कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने अपराधियों के ख़िलाफ़ उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज़ पर ज़ीरो टालरेंस की नीति अपनाने, इस ट्रिपल मर्डर केस की फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट से सुनवाई करने और पीड़ित परिवारों को 25-25 लाख रुपए का मुआवजा देने की भी मांग की है। इसी दौरान अधिवक्ता श्री नायक ने कहा धमतरी में राजधानी रायपुर के तीन युवक आलोक सिंह ठाकुर, नितिन तांडी और सुरेश तांडी की हत्या हुई है। इस घटना से उड़िया समाज में शोक व्याप्त है।

# अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र अलग-अलग दिन, निशिता पूजन काल केवल 43 मिनट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। पंचांग अनुसार जन्माष्टमी का पावन पर्व भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाया जाता है।

■ सर्वार्थ सिद्धि एवं अमृत सिद्धि योग, मथुरा-वृंदावन में भी 16 अगस्त को जन्माष्टमी

धार्मिक मान्यताओं अनुसार, इसी तिथि और नक्षत्र में रात 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। ऐसे में जिस दिन ऐसा संयोग बन रहा हो उसी दिन जन्माष्टमी मनाई जाएगी। लेकिन इस बार अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र अलग-अलग दिन पड़ रहा है। ज्योतिष अनुसार इस स्थिति में जिस दिन अष्टमी तिथि पड़ रही है उस दिन जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस वर्ष भादो कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 15 अगस्त की रात 11:49 से शुरू होकर 16 अगस्त की रात 09:34 बजे तक रहेगी।

रोहिणी नक्षत्र 17 अगस्त की सुबह 04:38 से प्रारंभ होकर 18 अगस्त की सुबह 03:17 बजे तक रहेगा। उदया तिथि के अनुसार, जन्माष्टमी पर्व 16 अगस्त को मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन देशभर के कृष्ण मंदिरों में लड्डू गोपाल की भव्य पूजा का आयोजन और पूरे श्रद्धा भाव से भजन-कीर्तन किए जाएंगे। मान्यता है कि जन्माष्टमी पर व्रत रखने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।

## विषम परिस्थितियों में तिथि ही मान्य, इसलिए कृष्ण जन्मोत्सव शनिवार को

### देर रात तक रहेगा बुधादित्य योग

इस साल जन्माष्टमी पर ग्रह-नक्षत्रों का दुर्लभ संयोग भी बना हुआ है। जन्माष्टमी पर अर्थात 16 अगस्त को चंद्रमा सुबह 11 बजकर 43 मिनट पर वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा देर रात तक बुधादित्य योग का संयोग भी बना रहेगा। 16 अगस्त को सर्वार्थ सिद्धि एवं अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं। वहीं निशिता पूजन काल 16 अगस्त की मध्यरात्रि पश्चात 12 बजकर 4 मिनट से 12 बजकर 47 मिनट तक का रहेगा। यही जन्माष्टमी पूजन का असली समय माना जाता है। मथुरा-वृंदावन में भी जन्माष्टमी का त्योहार 16 अगस्त को मनाया जाएगा।



### गुरू-शुक्र के मिलन से गजलक्ष्मी योग

बुधादित्य योग के साथ जन्माष्टमी पर गजलक्ष्मी योग भी बन रहा है। यह योग तब बनता है, जब देवगुरु बृहस्पति और शुक्र एक ही राशि में होते हैं। इस बार कृष्ण जन्माष्टमी में गुरु और शुक्र दोनों एक ही राशि मिथुन में रहेंगे। इन योग में पूजन विशेष फलदायी होगा।

## छह साल पहले जोरा में आवंटित जमीन हो चुकी पैक, नया आवंटन अटका

# कफन-दफन के लिए नहीं बची जमीन... लावारिस लाशों को अंतिम संस्कार का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोलबाजार इलाके में कुछ दिन पहले लावारिस मिली लाश को अंतिम संस्कार तक नसीब नहीं हो रहा है। इसकी एकमात्र वजह ऐसे शवों के कफन-दफन के लिए जोरा में चिन्हांकित जमीन का पैक होना है। शवों के अंतिम संस्कार का बीड़ा उठाने वाली संस्था को नयी जमीन का आवंटन का मामला अटका हुआ है। छह साल पहले मिली करीब 80 डिसमिल जमीन में ढाई हजार से ज्यादा शवों का कफन-दफन किया जा चुका है।

■ जगह नहीं होने पर सप्ताहभर से एक भी लावारिस शव का नहीं हो सका कफन-दफन

विभिन्न इलाकों में लावारिस हालत में मिलने वाले शवों के अंतिम संस्कार के लिए पुलिस मोक्ष श्रद्धांजलि नामक संस्था की मदद लेती है, जो पिछले 13 साल से यह काम कर रही है। नियमों का पालन करते हुए लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने के लिए 2013 में संस्था को जोरा में करीब 70 डिसमिल जमीन दी गई थी, जिसमें करीब छह साल तक शवों का कफन-दफन किया। जब जगह पूरी तरह पैक हो गई, तो काफी मशक्कत के बाद उसी इलाके में 2019 में पुनः 80 डिसमिल जमीन का आवंटन किया गया जो ढाई हजार से ज्यादा शवों को अपने अंदर समेटने की वजह से पूरी तरह भर चुकी है और वहां एक अतिरिक्त लाश का अंतिम संस्कार किया जाना संभव नहीं है। गोलबाजार और औद्योगिक नगर में मिली दो लाश पिछले तीन दिन से आंबेडकर अस्पताल में रखी है, जिसके खराब होने की आशंका है। पुलिस उन शवों का कफन-दफन कराना चाहती है, संस्था के लोग भी इसके लिए प्रयासरत हैं, मगर जमीन नहीं होने के कारण यह संभव होता नहीं दिख रहा है।





### बिलकुल जगह नहीं

तहसीलदार को कार्यवाही के लिए भेजा गया मोक्ष श्रद्धांजलि द्वारा लावारिस शवों के कफन-दफन के लिए जमीन की मांग की गई है। संबंधित मामला आवश्यक कार्यवाही के लिए तहसीलदार को भेजा गया है।

*- नंद कुमार चौबे, एसडीएम रायपुर*

### बिलकुल जगह नहीं

दो बार में आवंटित भूमि पर 4 हजार से ज्यादा शवों का कफन-दफन किया जा चुका है, अब वहां जगह बिलकुल नहीं है। नियम के मुताबिक उनका रिकार्ड और कब्र को सुरक्षित रखना जरूरी होता है, नयी जमीन आवंटन की मांग की गई है।

*- सैयद जमीर अली, संचालक, मोक्ष श्रद्धांजलि सेवा संस्थान*

### दाह संस्कार संभव नहीं

लावारिस लाशों का दाह संस्कार किया जाना संभव नहीं है, क्योंकि इस बात की संभावना हमेशा बनी रहती है कि संबंधित मृतक के परिजन आ सकते हैं। मोक्ष श्रद्धांजलि द्वारा अब तक किए गए 4000 से ज्यादा कफन-दफन के दौरान 8 केस में परिजनों की मांग पर कब्र खोदकर शव निकालकर उन्हें सौंपा गया। इसी तरह डेढ़ सौ से ज्यादा मामलों में परिजनों की पहचान हुई और उन्होंने जोरा श्मशान घाट आकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की।

### कलेक्टर से की जा चुकी मांग

मोक्ष श्रद्धांजलि संस्था द्वारा जोरा की पुरानी जमीन में कफन-दफन के लिए जगह नहीं होने का हवाला देकर नया आवंटन दिए जाने की मांग की जा चुकी है। इसके लिए कलेक्टर, एसडीएम को ज्ञापन दिया जा चुका है, उनसे आश्वासन तो मिला है, मगर जमीन नहीं..। इसकी वजह से लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार आने वाले दिनों में अटक सकता है। ऐसे शवों का कफन-दफन अन्य संस्थाओं के श्मशान घाट में किया जाना संभव नहीं है।

# वोट चोरी कर जनता के साथ धोखा, निकाली मशाल रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवा कांग्रेस ने बुधवार देर शाम वोट चोरी और लोकतंत्र की हत्या के विरोध में मशाल रैली निकाली। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं।

■ प्रदेश के प्रत्येक जिले में होगा चरणबद्ध आंदोलन

12 अगस्त को दिल्ली में युवा कांग्रेस द्वारा निर्वाचन आयोग के घेराव के बाद श्रृंखला की अगली कड़ी के रूप में रायपुर में भी निर्वाचन आयोग का घेराव हुआ। राजीव गांधी चौक से लेकर निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मशाल रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब और प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने किया। उपाध्यक्ष विधि नामदेव, महासचिव भावेश शुक्ला, विराज चंद्राकर, गुलजार अहमद, सजल चंद्राकर, विनोद कश्यप सहित प्रदेशभर से आए हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### बैरिकेड पर चढ़कर नारेबाजी

रैली के दौरान कार्यकर्ता सुरक्षा बैरिकेड पर चढ़ गए और हाथ में जलती मशाल लेकर नारेबाजी की। यूथ कांग्रेस के नेताओं ने इस दौरान कहा, केंद्र की मोदी सरकार देश की सभी संस्थाओं को कमजोर कर रही है। हमने विरोध की शुरुआत दिल्ली से की थी और अब छत्तीसगढ़ की राजधानी से यह आंदोलन आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में यह संघर्ष प्रदेश के हर जिले में जारी रहेगा। इसके माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि किस तरह से उनके वोट चोरी हो रहे हैं।

## इमाम हुसैन के 40वें का जुलूस कल

**रायपुर।** अल्लाह के रसूल मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैह व आलेही वसल्लम के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में चालीसवें का जुलूस 15 अगस्त को पंडरी से निकाला जाएगा। अंजुमन के सदर यावर अली और महासचिव डॉ. मोहसिन अली सोहैल ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर में जुलूस निकलेगा। पंडरी बस स्टैंड, खालसा स्कूल, शास्त्री चौक, बंजारी बाबा चौक होते हुए बैरन बाजार पहुंचेगा। यहां नॉहाख्वानी पेश की जाएगी। जुलूसे हुसैन शाम 6.30 बजे बैरन बाजार में समाप्त होगा।


**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री कपील गुप्ता पिता स्व. नंद किशोर गुप्ता, निवासी-बोरियाखुर्द, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री सनत कुमार साहू पिता स्व. श्री बसन्त लाल साहू निवासी-भाठागांव, रायपुर तह व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनकी इकरारशुदा भूमि, जो कि मूल भूमि स्वामी श्रीमती सरस्वती तारक पति श्री बसन्त तारक निवासी- अमीनपारा, रायपुर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, उक्त इकरारशुदा भूमि वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द, प.ह.नं. 71, रा.नि.मं.- रायपुर- 14, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित, भूमि स्वामी हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित खुली भूमि, जिसका खसरा नं.- 386/18 का रकबा 0.0470 हे. अर्थात 5000 (पाँच हजार) वर्गफुट भूमि, है, उक्त भूमि को क्रय करने बाबत पक्की बातचीत कर, पक्का सौदा तय किया जा चुका है, केवल बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर में मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि/संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

दिनांक - 12/08/2025 स्थान- रायपुर (छ.ग.)

भवदीय
**मुकेश कुमार साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह**
**अधिवक्तागण,**
**मोती नगर बोरियारोड रायपुर,**
**पो. सुन्दरनगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 98271-16487, 93002-96804, 98271-91198**

**नाम परिवर्तन**

यह सूचित किया जाता है कि मैं, हरीश कुमार राघवानी, पिता श्री करम सिंह राघवानी, निवासी फ्लैट नं. 1003, ब्लॉक एफ, दसवीं मंजिल, रहेजा रेसिडेंसी, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, अवंती विहार, शंकर नगर, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492007, ने अपना नाम परिवर्तित कर हरीश राघवानी कर लिया है। अब से मुझे सभी कार्यों, सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में हरीश राघवानी नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा।

**शपथकर्ता**
**पूर्व नामः हरीश कुमार राघवानी**
**नया नामः हरीश राघवानी**
**पताः फ्लैट नं. 1003, ब्लॉक एफ, दसवीं मंजिल, रहेजा रेसिडेंसी, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, अवंती विहार, शंकर नगर, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छ.ग. - 492007**

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**॥ नोटिस ॥**

क्रमांक /76/ब-121 /2024-25/684

रायपुर, दिनांक 04 अगस्त, 2025

**प्रति,**
अमित सारथी पिता महेश सारथी, निवासी मकान नं. 878 चिदम्बरा बाजार आमापारा, जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया तेलीबांधा शाखा रायपुर की ओर से पंकज लालवानी अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 15,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, आपके स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 17,88,517.95 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया तेलीबांधा शाखा रायपुर से 15,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा पचेडा प.ह.नं. 81/2 रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील आरंग रायपुर स्थित ख.नं. 1155/2 का भाग रकबा 1265 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18.08.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 04 अगस्त, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कलेक्टर एवं जिला**
**दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)**


# गांजा तस्कर को पुलिस से बचाने का झांसा देकर फर्जी पत्रकार ने थाने के सामने लिए दो लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांजा तस्कर को पुलिस से बचाने का झांसा देकर पुरानी बस्ती थाने के सामने तस्कर की मां पर दबाव डालकर दो लाख रुपए लेने के आरोप में पुलिस ने वेब पोर्टल के फर्जी पत्रकार तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक लाख 89 हजार रुपए जब्त किए हैं। वेब पोर्टल के फर्जी पत्रकार ने अपने एक अन्य साथी जो फरार है, उसके साथ मिलकर गांजा तस्कर की मां से मंगलवार को रुपए लिए थे।

■ पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया, एक अन्य फरार





न्यू चंगोराभाठा निवासी रेणुका नेताम की शिकायत पर पुलिस ने मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी आकाश तिवारी जो अपने आपको वेब पोर्टल का पत्रकार बताता है, उसने रेणुका को अफसरों के साथ पहचान होने का झांसा देकर उसके बेटा को गांजा तस्करी के प्रकरण में बचाने का झांसा देकर रुपए लिए। घटना दिनांक को थाना के सामने आकाश पैसा ले रहा था। उस समय उसके साथ मौके पर किसी मोनू देवांगन के साथ होने की बात सामने आई है। पुलिस ने आकाश के साथ अनुराग शर्मा को गिरफ्तार किया है। मोनू फरार है। आकाश ने अनुराग को जमीन बिक्री की रकम बताकर उसके पास पैसा रखा और दूसरे दिन लेने आने की बात कही थी।

## पेज 09 के शेष ...

### गणित का खौफ...दो दशक...

पीजीडीसीए की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर गई थी। बीएससी गणित की स्थिति साइंस कॉलेज सहित सभी बड़े महाविद्यालयों में है। छत्तीसगढ़ कॉलेज में बीएससी गणित की 90 सीटें हैं। इनमें से आधी सीटों पर ही दाखिले हो सके हैं। महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित शिक्षाविदों के अनुसार, छात्रों में गणित का खौफ बढ़ता जा रहा है। इस कारण वे इससे दूरी बना रहे हैं। इसके स्थान पर कंप्यूटर आधारित कोर्स को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, महाविद्यालयों में जुलाई अंत तक मेरिट लिस्ट के आधार पर दाखिले दिए गए। इसके बाद रिक्त सीटें सभी के लिए खोल दी गई हैं। अर्थात इनमें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जा रहे हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त तय की गई है।

### तेलीबांधा से अवंतिविहार की...

कालोनियों की बड़ी आबादी को मत्स्य विभाग दफ्तर के पास जीई रोड में प्रवेश करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कालोनी के भीतर से तेलीबांधा चौक के पास लोग सीधे सर्विस रोड पहुंचेंगे। इससे उनका समय और ईंधन की बचत होगी। इस नई बाईपास सड़क को शुरू करने नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। यही नहीं, इस रोड को सुंदर स्वरूप देने आकर्षक चित्रकारी की गयी है, जिसमें आपरेशन सिंदूर और यातायात जागरूकता संबंधी संदेश दर्शाये गये हैं।

### कमेटियों ने जांच रिपोर्ट ...

रिपोर्ट जमा नहीं कराई है। अब देखना यह है कि ये समितियां समय-सीमा में जांच रिपोर्ट सौंप पाती हैं या नहीं। ***जांच के लिए इन समितियों को सौंपा गया है दायित्व :*** दावा-आपत्तियों के आवेदनों की जांच के लिए संभाग कमिश्नर ने संभाग उपायुक्त ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर निधि साहू, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे को रायपुर जिले के लिए एवं धमतरी जिले के लिए अपर कलेक्टर इंदरा देवहारी के नेतृत्व में समिति गठित की है।

***कुछेक समिति ने की जांच पूरी :*** दावा-आपत्तियों की जांच कर रही समितियों में कुछेक समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है। ये समितियां गुरुवार को संभवतः रिपोर्ट भी संभाग कार्यालय में जमा कराएंगी।

एक समिति में शामिल अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने बताया कि वे जिस समिति में हैं, उसमें दावा-आपत्ति के लगभग 40 आवेदन हैं। इन सभी आवेदनों पर जांच पूरी कर ली है, जिसकी रिपोर्ट आज सौंप दी जाएगी।

### हाईटेक जालसाज ने बैंक...

रकम की जरूरत है। पूर्व मैनेजर ने वर्तमान से ग्राहक के लिए रकम फाइनेंस करने कहा। दो दिन बाद 11 अगस्त को जालसाज ने सुनील थापड़िया बनकर बैंक मैनेजर को कॉल किया और पैसों की जरूरत होने की बात कही। कारोबारी ने बैंक मैनेजर से रकम एनईएफटी करने कहा।

# एम्स में होगी रोबोटिक सर्जरी कम होगा जोखिम. मरीजों को मिलेगा तेज रिकवरी का लाभ




**रायपुर।** पारंपरिक ऑपरेशन में आने वाली चुनौती को कम करने आने वाले दिनों में एम्स में रोबोटिक सर्जरी होगी। कम समय में पूरी होने वाली यह सर्जरी मरीजों के लिए कम जोखिम और तेज रिकवरी वाली साबित होगी। 6 सितंबर से इसकी शुरुआत की जाएगी। इससे प्रोस्टेट, गर्भाशय और आंत्र से जुड़ी जटिल सर्जरी की चुनौती कम होगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू करने के लिए काफी दिनों से प्रयासरत था, जिसमें सफलता मिल चुकी है। चिकित्सकों के मुताबिक रोबोटिक सर्जरी एक आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीक है।


HEALTH TOWN
आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Remembering our Beloved Friend





Nishant Pramod Dhariwal
(Sep 28 1987 - Aug 13 2025)
The heart mourns in silence when your presence is missed.
Time may pass, but the void you've left remains.
You will always remain a cherished part of our lives.
Shreyansh Surana (Montu), Vivek Khetan, Gagan Arora, Gokul Agarwal, Shaswat Saraf, Girish Kiri, Reebhuraj Agrawal, Mohd Shahid Bukhari, Aditya Mundra, Pritesh Sharma, Akash Agarwal, Yashwant Vaswani, Sharan Thakur, Prashant Mandal

## खबर संक्षेप

### दही-हांडी उत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



**रायपुर।** भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दही-हांडी उत्सव का 16वां भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सार्वजनिक दही हांडी उत्सव समिति एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट की ओर से किया जाएगा। यह विशाल प्रतियोगिता 17 अगस्त को शाम 4 बजे से अवधपुरी मैदान, श्री नगर रोड, गुढ़ियारी में आयोजित होगी। इस वर्ष विजेता गोविंदा टोली के लिए 11,00,000 रुपए, 50 लोगों टोली को 11 हजार रुपए और 100 लोगों की टोली को 21 हजार रुपए सांत्वना पुरस्कार राशि रखी गई है, जो इस आयोजन को प्रदेश का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित दही-हांडी उत्सव बनाती है। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत कई मंत्री, पार्टी संगठन मंत्री और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता समेत विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### सरकार ने खुले बाजार में यूरिया बिकवाया : धनेंद्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को केंद्र द्वारा 50-50 हजार टन अतिरिक्त डीएपी और यूरिया खाद देने के आदेश पर



कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सरकार ने पहले राज्य में खुले बाजार में डीएपी और यूरिया खाद बिकवाई और व्यापारियों को कमाई का मौका दिया। जब किसानों ने यही खाद महंगी दरों पर खरीद ली है, तब सरकार की आंख खुली है। एक बयान में श्री साहू ने कहा है कि जून के आरंभ में ही आवश्यक खाद किसानों को उपलब्ध करा देना था।

### दिल्ली के स्वतंत्रता समारोह में विशेष अतिथि होंगी बालोद की लखपति दीदी खिलेश्वरी

**रायपुर।** बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। खिलेश्वरी, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत के तहत गठित जय संतोषी स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं, जिनका परिवार कुछ समय पूर्व मुख्यतः कृषि मजदूरी पर निर्भर था, किन्तु खिलेश्वरी देवांगन की परिवार को आगे बढ़ाने की ललक ने उन्हें एक नया मुकाम दिया है। उन्होंने अपनी मेहनत और उद्यमशीलता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव की एक नई कहानी लिखी है। उन्होंने बिहान योजना के अंतर्गत मुर्गीपालन और किराना दुकान का संचालन शुरू किया, जिसके जरिए उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि लाखों रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर लखपति दीदी का खिताब हासिल किया।

### राजधानी में कल से दो दिन बंद रहेगा सराफा व्यवसाय

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में दो दिवसीय 15 से 16 अगस्त तक सराफा व्यवसाय बंद रहेगा। रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष धरमचंद भंसाली, सचिव जितेन्द्र गोलछा, कोषाध्यक्ष अनिल कुचेरिया, उपाध्यक्ष नीलेश सेठ एवं मनोज अग्रवाल, सह-सचिव विनय गोलछा एवं संजय देशमुख ने बताया कि पूर्व परंपरा अनुसार रायपुर सराफा एसोसिएशन के सदस्यों का व्यवसाय शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस एवं शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूर्ण रूप से बंद रहेगा। रायपुर सराफा एसोसिएशन ने सभी सदस्यों से निवेदन किया है कि इस नियम का पालन करते हुए एसोसिएशन को सहयोग देंवे। 15 अगस्त को सदर बाजार व्यवसायिक संघ व रायपुर सराफा एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 10.30 बजे ध्वाजारोहण का कार्यक्रम नाहटा मार्केट, सदर बाजार में होगा। सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

# पांच महीने में 427 दवाओं की जांच में 16 अमानक, जान जोखिम में डालने वाली एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

नकली दवाओं की बिक्री रोकने निगरानी कर रही खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पांच महीने में 427 दवाओं की जांच कराई है, जिसमें 16 अमानक मिली है। सब स्टैण्डर्ड मिली दवाओं में लेबल डिफेक्ट और एसए क्वालिटी कम होने की समस्या है। राहत की बात यह है कि अमानक दवाएं मानव जीवन को संकट में डालने वाले नहीं हैं।

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जाने वाली दवाओं की शिकायत मिलने पर उनकी सीजीएमएससी के दवा गोदामों में वापसी की प्रक्रिया चल रही है। अन्य राज्यों में नकली दवाओं के मामले सामने आ रहे हैं, जिसके बाद राज्य का खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

### सब स्टैण्डर्ड दवाओं में लेबल डिफेक्ट, कुछ में एसए क्वालिटी कम



#### साढ़े छह सौ से ज्यादा पेंडिंग

वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा भेजे गए 650 के करीब सैंपल लैब में जांच के इंतजार में डंप हैं। इनमें एलोपैथिक दवाओं के साथ पिछले दिनों लिए कास्मेटिक प्रोडक्ट, फिनाइल और हैंडवॉश जैसे उत्पाद भी शामिल हैं। दवाओं की जांच पुराने लैब में हो रही है, जहां संसाधन सीमित हैं। राज्य के बजट में नवा रायपुर में आधुनिक स्तर के ड्रग टेस्टिंग लैब बनाने की घोषणा की गई थी। इसकी प्रक्रिया जारी है और काम पूरा होने और सेटअप की उपलब्धता में काफी वक्त लगने की संभावना है।

#### आवश्यक कार्रवाई की जा रही

दवाओं के सैंपल लेकर लगातार जांच कराई जा रही है। अमानक मिलने वाले मामलों में ड्रग एक्ट के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

- **बीआर साहू,** सहायक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

रायपुर समेत तमाम जिलों के दवा दुकानों में जांच के साथ संदेह के आधार पर नमूने एकत्रित कर उनकी जांच कराई जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण तैयार कर मामले न्यायालय में पेश किए जा रहे हैं।

एफडीए की टीम ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के पांच महीने में राज्यभर के थोक एवं चिल्हर दवा दुकानों से सैंपल उठाकर जांच के लिए लैब में भेजा है। इनमें 427 की जांच पूरी हुई है। 411 दवाओं में किसी तरह की कमी नहीं मिली है, मगर 16 दवा ड्रग एक्ट के तहत सामान्य नहीं पाई गई हैं। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इनमें जो खामियां मिली हैं, वो पैकिंग और दवाओं के फार्मूले यानी एसए क्वालिटी में भिन्नता का होना है। इसका मानव स्वास्थ्य पर कोई बड़ा असर नहीं होता, मगर एसए क्वालिटी कम होने से दवा असर कम करने वाली हो सकती है।

### भव्य तिरंगा यात्रा में गूंजा एकता, सुरक्षा और विकास का संदेश

# सीएम साय की नागरिकों से अपील- वे 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का एक महान अनुष्ठान है, जो भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, तिरंगा हमारी आन-बान-शान है, इसकी रक्षा और मान-सम्मान के लिए हर नागरिक को दृढ़संकल्पित होना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हर घर तिरंगा फहराएगा और भारत आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों का स्मरण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त और सम्मानित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए कायराना हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे वीर जवानों द्वारा दिखाए गए साहस और पराक्रम का उल्लेख करते हुए कहा, यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, जिसने तिरंगे की शान को और ऊंचा किया। उन्होंने कहा, बीते डेढ़ वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार एरिया डॉमिनेशन कर नक्सलियों का प्रभुत्व समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि जहां कभी नक्सलियों का लाल झंडा लहराता था, आज वहां तिरंगा शान से लहरा रहा है। कई संवेदनशील गांवों में बरसों बाद गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुनः तिरंगा फहराया गया है, जो शांति, विकास और सुरक्षा का नया संदेश दे रहा है।

#### ये थे मौजूद

तिरंगा यात्रा में विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



#### भव्य तिरंगा यात्रा एकता और उत्साह का अद्भुत संगम


*उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत रायपुर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शहीद स्मारक भवन से तेलीबांधा तक निकली तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं शामिल हुए और हजारों नागरिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, तिरंगा हमारा मान, अभियान और पहचान है। यह तिरंगा यात्रा उन वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने इसकी रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया। कार्यक्रम में विभिन्न सैन्य अभियानों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया गया।*

#### विकसित भारत 2047 और 'छत्तीसगढ़ अंजोर' विजन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, तिरंगे की असली गरिमा तब और बढ़ेगी जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ ने भी 'विकसित छत्तीसगढ़' का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए 'छत्तीसगढ़ अंजोर' विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है, जिसमें प्रदेश के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

# कस्टम मिलिंग : 25 % कनकी को करेंगे 10 तक, यांत्रिक उन्नयन से होगा ये काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- शेष ब्रोकन चावल को खुले बाजार में बेचेंगे
- छत्तीसगढ़ का चावल कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र में

भारत सरकार की संयुक्त सचिव शिखा ने राइस मिलों में ब्रोकन चावल के संबंध में शासन स्तर पर जारी पॉलिसी की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में 25 प्रतिशत तक के ब्रोकन चावल को यांत्रिक उन्नयन के माध्यम से 10 प्रतिशत तक लाने और शेष ब्रोकन चावल को खुले बाजार में विक्रय करने की योजना लागू की जाएगी। उन्होंने यह बात नवा रायपुर में आयोजित खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न उपार्जन प्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता तथा तकनीकी समावेश को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अधिप्राप्ति सुधारों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला में कही।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारतीय खाद्य निगम के सीएमडी आशुतोष अग्निहोत्री, भारत सरकार की संयुक्त सचिव शिखा तथा छत्तीसगढ़ की खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टर, खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यशाला में बताया गया कि कस्टम मिलिंग में पारदर्शिता तथा वर्तमान व्यवस्था एवं नीतिगत सुधार हेतु समय-समय पर संयुक्त भौतिक सत्यापन की मानक संचालन प्रक्रिया को अद्यतन किया गया है अनिवार्य संयुक्त भौतिक सत्यापन हेतु राइस मिलों के चयन के लिए स्वचालन एवं सॉफ्टवेयर आधारित पद्धति अपनाने का निर्णय लिया गया है।

#### राइस मिलों को पॉलिसी की दी जानकारी

भारत सरकार की संयुक्त सचिव शिखा ने राइस मिलों में ब्रोकन चावल के संबंध में शासन स्तर पर जारी पॉलिसी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के मार्गदर्शन में भारतीय खाद्य निगम और छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के समन्वय से सेंट्रल पूल अंतर्गत चावल उपार्जन की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके तहत जून में प्रदेश को चावल के निराकरण हेतु 188 रैक उपलब्ध कराए गए, जिससे लगभग 6 लाख मीट्रिक टन चावल का भंडारण संभव हुआ है, और एफसीआई के माध्यम से प्रदेश में उपार्जित चावल कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत वितरित किया जा रहा है।

# फसल बीमा अऋणी किसानों के लिए आज आखिरी दिन, पिछले साल वालों को मिला है मुआवजा 152 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के अऋणी किसानों के लिए अपनी फसलों का बीमा करवाने के लिए आखिरी मौका है। अऋणी किसान गुरुवार 14 अगस्त तक यह बीमा करवा सकते हैं, जबकि ऋण लेने वाले किसानों के लिए यह अवधि 30 अगस्त तक रखी गई है। खास बात ये है कि पिछले खरीफ सीजन में राज्य के जिन किसानों ने अपनी फसलों का बीमा करवाया था, उनमें से 1 लाख 41 हजार से अधिक किसानों को फसल में नुकसान होने पर 152 करोड़ रुपयों की मुआवजा राशि मिली है। राज्य में मानसून सीजन में अधिकतर किसान धान की फसल लेते हैं। इनके अलावा बाकी किसान अन्य फसल लेते हैं। जो किसान अपनी फसल के लिए सहकारी सोसाइटियों से ऋण लेते हैं, उन्हें ऋणी किसान कहा जाता है। इस तरह के किसान जब सोसाइटी से ऋण लेते हैं, तो उनका बीमा वहां कर लिया जाता है। इसके अलावा वो किसान जो किसी सोसाइटी से ऋण नहीं लेते, उन्हें अऋणी किसान



कहा जाता है। अऋणी किसानों को अलग से बीमा करवाना होता है।

#### पिछले साल 1.41 लाख किसानों को मिले 152 करोड़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पिछले सीजन में बीमा करवाने वाले छत्तीसगढ़ के 1 लाख 41 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 152 करोड़ 84 लाख रुपयों का सीधा अंतरण हाल ही में किया गया। यह राशि फसल हानि की भरपाई के साथ किसानों को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी। बताया गया है कि देशभर में 30 लाख से अधिक किसानों को कुल 3,200 करोड़ से ज्यादा की बीमा दावा राशि का लाभ मिला है।

#### बीमा करवाने के लिए जोर नहीं

राज्य में फसल बीमा के संबंध में केवल ऋणी किसानों के लिए ये बाध्यता है कि उनका बीमा स्वतः हो जाता है, लेकिन इन किसानों को बीमा करवाने की बाध्यता नहीं है।

# कांग्रेस चलाएगी 'वोट चोर गद्दी छोड़' मुहिम, 14 अगस्त से 15 अक्टूबर तक आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- पीसीसी अध्यक्ष ने की घोषणा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर की गई मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखधड़ी एवं वोट चोरी के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। प्रदेश कांग्रेस 14 अगस्त को 'वोट चोर, गद्दी छोड़' कैंडल लाइट मार्च निकालेगी। 22 अगस्त से 7 सितंबर तक विशाल ''वोट चोर, गद्दी छोड़'' राज्य स्तरीय रैलियां निकाली जाएंगी। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बढ़ती नशाखोरी, धमतरी की तीन रायपुर डिलीवरी ब्वॉय की हत्या विचलित करने वाली है। पुलिस का, कानून का इतना भी खौफ नहीं बचा है, हत्या करने के बाद हत्यारे विक्ट्री साइन बनाकर फोटो ले रहे, सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे। यह सब सरकार की नाकामी, पुलिस की ढिलाई की वजह से हो रहा है। चंद रुपयों के लिए छत्तीसगढ़ की जवानी को नशे में धकेल रही सरकार। मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं जल, जंगल, जमीन, खनिज सब तो बेच रहे, नशा बिकवाना तो बंद करवाए, राज्य की युवा पीढ़ी को बचा लीजिए।

#### हाईकोर्ट ने सरकार को आईना दिखाया

उन्होंने कहा कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने प्रदेश की बिगड़ चुकी स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए सरकार से जवाब मांगा है। यह सरकार के लिए शर्मनाक है, यही राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का आईना है। राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हो चुकी हैं। सरकारी अस्पतालों में दवाओं और डाक्टरों दोनों का अभाव है। हाट बाजार क्लिनिक हमर अस्पताल, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनाएं तो दम तोड़ चुकी हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के आव्हान पर बुधवार को नवा रायपुर के तूता धरनास्थल सहित प्रदेश के सभी जिलों में एक दिवसीय ध्यानाकर्षण धरना दिया गया। उनकी प्रमुख मांग कार्यकर्ता सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। इस कड़ी में रायपुर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने तूता धरनास्थल पर सुबह से देर शाम तक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदेश की मितानिन के बाद अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका भी अपनी लंबित मांगों को लेकर सड़क पर उतर आई हैं। बुधवार को प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने ध्यानाकर्षण धरना दिया। संघ की प्रांताध्यक्ष पद्मावती साहू, जिला अध्यक्ष भुवनेवरी तिवारी ने कहा है एक दिवसीय ध्यानाकर्षण प्रदर्शन के बाद भी यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो 1 सितंबर को प्रदेशभर की 1 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेश स्तरीय धरना देकर काम ठप कर विरोध जताएंगी।

#### 3 सूत्रीय मांग को लेकर मितानिन धरने पर, रायपुर जिले के मितानिनों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को रायपुर जिले की मितानिनों ने प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर बड़ी संख्या में शामिल हुए। उनकी प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलयन, मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी बढ़ोतरी और ठेका प्रथा बंद करने की मांग शामिल है। मितानिन 7 अगस्त से 11 अगस्त तक कामबंद कलमबंद हड़ताल कर संभागवार धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराने के बाद 12 अगस्त से तूता के धरना स्थल पर जिला स्तरीय प्रदर्शन कर रही हैं। इसमें हर दिन प्रदेश के अलग-अलग जिलों से मितानिन आंदोलन में शामिल हो रही हैं।

## बिजनेस साइट

### शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के ऋषभ वर्मा ने शूटिंग में गोल्ड मेडल जीता



**रायपुर।** शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के होनहार विद्यार्थी ऋषभ वर्मा ने आर्मी स्कूल, कालिमपोंग (दार्जिलिंग) में आयोजित सीबीएसई ईस्ट ज़ोन शूटिंग कंपीटिशन में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही ऋषभ ने सीबीएसई नेशनल शूटिंग कंपीटिशन के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। अब वे ईस्ट ज़ोन के 11 राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी बीच, स्कूल के पांच और विद्यार्थियों ने भी भुवनेश्वर में आयोजित सीबीएसई ईस्ट ज़ोन क्रिकेट कंपीटिशन में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। विजयी खिलाड़ियों में ओजस वर्मा, तेजश वर्मा, स्वस्तिक सोनकर, हर्ष साहू और वंश मंडल शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य दीपाली त्रिपाठी ने सभी विजयी विद्यार्थियों की सराहना की।

### कायजन टोयोटा में 'टोयोटा कैमरी हायब्रिड' का मीडिया ड्राइव आयोजित

**रायपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अधिकृत विक्रेता कायज़न टोयोटा ने प्रीमियम सेडान सेगमेंट की ऑल न्यू टोयोटा कैमरी हायब्रिड का मीडिया ड्राइव आयोजित किया। कार्यक्रम में विकास सिंघई (सीईओ, कायज़न मोटोवेंचर्स) ने कार की उन्नत तकनीकी खूबियों और पर्यावरणीय अनुकूलता पर प्रकाश डाला। टोयोटा कैमरी हायब्रिड में 2.5 लीटर डायनेमिक फोर्स इंजन और लिथियम आयन बैटरी है। यह 5वीं पीढ़ी की हाइब्रिड तकनीक से सुसज्जित है, जो बेहतरीन प्रदर्शन और दक्षता प्रदान करती है।

इसमें टीएसएस 3.0 सेफ्टी फीचर्स, 9 एयरबैग्स, रिमोट एसी, 12.3 इंच मल्टीमीडिया सिस्टम, जेबीएल ऑडियो और वायरलेस एप्पल कारप्ले जैसी सुविधाएं शामिल हैं। ऑल न्यू कैमरी हायब्रिड लक्ज़री, सुरक्षा और तकनीक का बेहतरीन संगम है।





हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





रिहर्सल में दिखी स्वतंत्रता दिवस समारोह की झलक

पुलिस परेड ग्राउंड पर बुधवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुलड्रेस रिहर्सल हुआ। पिछले 28 जुलाई से चल रहे इस स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड अभ्यास सत्र का बुधवार को समापन हो गया। समारोह के इस अभ्यास सत्र में भाग लिए अलग-अलग पुलिस बल के प्लाटून दल और शहर के स्कूलों के छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की तैयारी को फुलड्रेस रिहर्सल में फाइनल टच दिया गया।

# फुलड्रेस रिहर्सल में दिखा युवा उत्साह हैरतअंगेज करतब को दिया फाइनल टच

15 अगस्त समारोह को लेकर पुलिस परेड ग्राउंड में चल रहे मार्चपास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास सत्र का हुआ समापन

**रायपुर।** फुलड्रेस रिहर्सल में 15 अगस्त समारोह से एक दिन पूर्व समारोह की अंतिम तैयारी परेड कमांडर्स द्वारा जांची गई। फुलड्रेस रिहर्सल में जिला कलेक्टर गौरव सिंह सहित पुलिस के आला अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर व संबंधित पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गौरवमयी भव्य व ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। इसमें शहर के तीन स्कूलों के करीब 700 से अधिक छात्र-छात्राओं का दल देशभक्ति, लोक संस्कृति भाव जागृत करती रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। वहीं, पुलिस बल के जवान अपने राष्ट्र सेवा के प्रति प्रतिबद्धता, त्याग, बलिदान, अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम, जज्बा को समारोह में मार्चपास्ट परेड के दौरान प्रदर्शित करेंगे। घुड़सवारी दल, महिला बैंड वाइपर दल सहित 14 प्लाटून दल स्वतंत्रता दिवस परेड समारोह में भाग लेंगे। प्रत्येक प्लाटून दल में दल कमांडर सहित 27 जवानों का दल शामिल है। इस तरह कुल 400 के करीब जवान स्वतंत्रता दिवस समारोह सलामी परेड में हिस्सा लेंगे।





### पदक अलंकरण समारोह में त्याग, बलिदान को सम्मान

स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश सेवा में त्याग, बलिदान और अदम्य साहस, शौर्य का प्रदर्शन करने वाले पुलिस बल के अधिकारियों, जवानों को विभिन्न श्रेणी में पदक प्रदान किया जाएगा। इसके तहत वर्ष 2025 के लिए पुलिस वीरता पदक, राष्ट्रपति पुलिस पदक, भारतीय पुलिस पदक, वर्ष 2024 भारतीय पुलिस पदक, सुधार सेवा पदक 2025, गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा पदक 2025, राज्य स्तरीय पुरस्कार 2025 शामिल हैं।



### इन स्कूलों की छात्र-छात्राएं दे रही सांस्कृतिक प्रस्तुति

फुलड्रेस रिहर्सल में लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यामिक स्कूल की 200 छात्राएं, सालेम इंग्लिश पब्लिक स्कूल के 250 छात्र-छात्राएं और मदर्स प्राइड स्कूल की 250 छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति की तैयारी को अंतिम रूप दिया। ये प्रतिभागी छात्र-छात्राएं स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देश के वीर जवानों के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को आम नागरिकों में जागृत करने वाली नृत्य व गीतों की पारंपरिक वेशभूषा में रिहर्सल किया।

### घुड़सवारी दल की दिखी जांबाजी

फुलड्रेस रिहर्सल में तीसरी बटालियन अमलेश्वर के 13 हॉर्स का दल ने फाइनल तैयारी को पुलिस परेड ग्राउंड में स्टैंडिंग सैल्यूट, फ्लैग मार्च, जंपिंग शो से प्रदर्शित किया। बुधवार को पुलिस परेड ग्राउंड पर घुड़सवारी दल ने कंपनी कमांडर योगेश चंद्रा के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस परेड फुलड्रेस रिहर्सल किया। घुड़सवारी दल के हॉर्स में ध्रुव, शक्ति, युवराज, धनुष, सारंगी, रुद्रा, अवनी, गंगा, जूही, अश्वत्थामा, ओजस और आभा शामिल थे।





### महिला पुलिस बैंड वाइपर दल ने बजाई देशभक्ति धुन

फुलड्रेस रिहर्सल में महिला पुलिस बैंड वाइपर दल के कंपनी कमांडर सोनबती ठाकुर सहित 27 सदस्यों ने बैंड वाइपर पर देशभक्ति की धुन बजाकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की अपनी तैयारी को फाइनल टच दिया। महिला पुलिस बैंड वाइपर दल के द्वारा बजाई गई देशभक्ति गीतों की धुन ने दर्शकों के मन में देशभक्ति का सुर घोल दिया।

## लाइव इवेंट

# वैज्ञानिक 21 को तलाशेंगे कृषि शिक्षा और अनुसंधान की भावी संभावनाएं



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटर प्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के बीच शिक्षा तथा अनुसंधान के लिए समझौता हुआ है। इसके तहत डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी का आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 21 अगस्त को आईजीकेवी के प्रवास पर आएगा। यहां दोनों संस्थानों के बीच शिक्षा के साथ अनुसंधान के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों से भावी संभावनाएं तलाशी जाएंगी। डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के रेक्टर डॉ. रोजिव के नेतृत्व में आने वाला प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय की अधोसंरचनाओं एवं अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन करेगा। आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और प्राध्यापक कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण तथा विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में शिक्षा एवं अनुसंधान की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### शिक्षा व शोध करने एक-दूसरे के संस्थानों में जा सकेंगे

इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ. आर.के. अग्रवाल और अधिकारी शामिल होंगे। आईजीकेवी तथा डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के मध्य 17 अप्रैल 2025 को एक समझौता किया गया था। इसके तहत आईजीकेवी और डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के विद्यार्थी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध पाठ्यक्रमों के लिए एक दूसरे के संस्थानों में जा सकेंगे। दोनों संस्थानों के प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक आपसी समन्वय से एक दूसरे के संस्थान में अध्ययन एवं अनुसंधान कर सकेंगे। समझौते पर आईजीकेवी के कुलपति डॉ. चंदेल और डेनाऊ इंस्टीट्यूट उज्बेकिस्तान की तरफ से रेक्टर प्रो. आयेबेक रोजिव ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दोनों संस्थान कृषि और पर्यावरण, जल संरक्षण तथा विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा एवं अनुसंधान का काम करेंगे।

## सिटी इवेंट

# कॉलेज स्टूडेंट्स को माय भारत की फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़ने किया आह्वान



**रायपुर।** मेरा युवा भारत द्वारा दुर्गा कॉलेज रायपुर में फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को केंद्र प्रायोजित प्रमुख योजनाओं की पात्रता, लाभ, आवेदन प्रक्रिया और शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें समुदाय में बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि युवा देश की धड़कन हैं और यदि वे योजनाओं की सही जानकारी रखेंगे, तो अपने समुदाय को जागरूक करने और लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एमवाई भारत रायपुर के उप निदेशक अर्पित तिवारी ने प्रतिभागियों को एमवाई भारत पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया और उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल युवाओं को सरकारी योजनाओं, अवसरों और कार्यक्रमों से जोड़ने का सशक्त मंच है। दुर्गा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। सहायक प्राध्यापक सुनीता चंसोरिया ने विद्यार्थियों से इस ज्ञान को समाज में फैलाने का आह्वान किया। कार्यशाला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संसाधन, व्यक्तियों के पात्रता, लाभ, आवेदन प्रक्रिया और शिकायत निवारण तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी तथा पोर्टल पर लाइव आवेदन प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।



### 120 से अधिक विद्यार्थियों ने माय भारत पोर्टल में कराया पंजीयन

महिला एवं बाल विकास विभाग के विशेषज्ञों ने मिशन वात्सल्य, पॉक्सो अधिनियम और महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी अन्य केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, हेल्पलाइन 1098 के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान प्रस्तुतीकरण, प्रश्नोत्तर, अनुभव साझा करने और समूह गतिविधियों जैसे सहभागी तरीकों का प्रयोग किया गया। आयोजन में स्वयंसेवक संदीप, नीलीमा, फ़िज़ा और गीत ने सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर 120 से अधिक विद्यार्थियों ने माय भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर भागीदारी निभाई।

# चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे अनेक शहीद जवानों की परिवार संग दुर्लभ तस्वीरों की प्रदर्शनी

**रायपुर।** आज़ादी के अमर शहीदों और क्रांतिकारियों की स्मृतियों को जीवंत करने के उद्देश्य से अवनि एजुकेशन सोसायटी एवं बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 'ज़रा याद करो कुर्बानी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह समारोह 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जोरा मॉल में आयोजित किया गया। दो दिवसीय प्रदर्शनी के पहले दिन स्कूली छात्रों ने देशभक्ति थीम पर प्रस्तुति दी। वहीं, कार्यक्रम में भारत के अतबत के ऐतिहासिक जीत एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफल प्रयास को दर्शाया गया।






### ज़रा याद करो कुर्बानी का आयोजन

कार्यक्रम के दौरान नन्हें छात्रों ने जहां कदम-कदम पर धरती बदले रंग...नन्हा मुन्ना राही हूं... संदेशे आते हैं...जैसे देशभक्ति गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वहीं, कई छात्रों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मनमोहक व जीवंत तस्वीर तैयार की, जिसमें तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा...का नारा भी लिखा नजर आया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों की स्मृतियों एवं वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को शहीद जवानों की वीरता की जानकारी दी जा सके। इस मौके पर आजादी के लिए शहीद होने वाले चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे अनेक शहीदों की परिवार संग दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शनी के तौर पर लगाई गई। इसमें युद्ध कला, आजादी से पहले की अखबार की छपाई व संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, खादी-ग्रामोद्योग के राकेश पांडे मौजूद थे।

# स्वच्छता के प्रति पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने का प्रयास



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के एनएसएस क्लब द्वारा 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता 2025' अभियान के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में स्वच्छता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव शामिल रहे। यह अभियान सुबह 8 बजे सीसीसी भवन के सामने प्रारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों, संकाय सदस्यों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान सभी प्रतिभागियों ने परिसर की सफाई की, कूड़ा एकत्र किया और अपशिष्ट पृथक्करण, पुनः उपयोग योग्य सामग्री और स्थायी जीवनशैली को लेकर जागरूकता फैलाई। यह आयोजन डॉ. मनोज चोपकर, डॉ. टीपी साहू और डॉ. नितीश भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया।

## राजधानी में कई महिला समूहों ने किया सावन सेलिब्रेट, उत्सव में विनर्स बनने किया सबसे बेस्ट

# बंगाली वुमन्स और गायत्री परिवार ने गीत-संगीत से सजाया महोत्सव, रैम्प वॉक में भी बिखेरा जलवा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर में सावन उत्सव सेलिब्रेशन अब अंतिम दौर में है। बंगाली महिला समिति ने कालीबाड़ी और गायत्री परिवार की महिलाओं ने समता कॉलोनी में महोत्सव को एंजाय किया। सभी पारंपारिक रूप से सोलह श्रृंगार में शामिल हुईं। महिलाओं ने सावन महोत्सव को मस्ती, संगीत और मनोरंजन के साथ ही उत्सव का रूप दिया। उन्होंने मनोरंजन के लिए सावन पर आधारित गीत गाए और पारंपरिक परिधानों में नृत्य करते हुए भी खूब एंजाय किया। इस श्रृंखला में कई तरह के खेलों का भी आयोजन किया। इसमें मस्तानी क्वीन, रैम्प वॉक के साथ हाऊजी और सावन क्वीन प्रतियोगिता में भाग लिया और ढेरों इनाम भी जीते। महिलाओं ने इस सावन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शाम को कालीबाड़ी परिसर में किए गए आयोजन में महोत्सव का रंग भी चढ़ाया।



### महिलाओं ने दिखाया हवा हवाई स्टाइल

महिलाओं ने ग्रुप और सोलो डांस पेश किया। उन्होंने ससुराल गेंदा फूल...,सावन का महीना पवन करे शो..., रिमझिम गिरे सावन...जैसे गानों पर खूब थिरकीं। साथ ही कई महिलाओं ने बॉलीवुड व पारंपरिक गानों पर भी अपने साथ ऑडियंस और निर्णायकों को भी नचाया। इस दौरान जयश्री विश्वास ने सावन पर एक नाटक की प्रस्तुति दी। इसमें उन्होंने सावन के महत्व को बताने का प्रयास किया। साथ ही, सबने एक-दूसरे को झूला झुलाया और उत्सव को एंजाय किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनामिका भट्टाचार्य व महिला समिति के मेंबर्स ने की।

### चंद्रायण व्रत के बाद महिलाओं ने शक्तिपीठ में मनाया उत्सव



चंद्रायण व्रत के बाद गायत्री शक्तिपीठ में उत्सव मनाया गया। संकल्पों के साथ मनाए गए उत्सव में भाग लेने वाली गायत्री परिवार से जुड़ी महिलाओं ने चंद्रायण व्रत रखा था। इसके पूर्ण होने पर उत्सव में सभी को बधाई दी गई। इस संबंध में गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने बताया कि गायत्री परिवार में चंद्रायण व्रत करने वाली माता और बहनों ने चंद्रायन व्रत पूर्ण किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में चंद्रायण श्रावण उत्सव मनाया गया। इसमें विशेष रूप से नृत्य, खेल, झूला और पौधरोपण के साथ रचनात्मक कार्यों के लिए भी संकल्प लिया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया कि चंद्रायण व्रत के बारे में कम लोगों को जानकारी है। प्राचीन काल में ऋषि मुनियों द्वारा इस व्रत को किया जाता था। वे लगातार इस उपवास को करते हुए स्वस्थ भी रहते थे।



'हथेली पर हीना की जगह तिरंगा और सुर-ताल में शास्त्रीय नृत्य का मनमोहक अंदाज में जीई रोड स्थित कला केंद्र परिसर में बेजोड़ प्रस्तुति कलाकारों ने देते हुए लोगों को देशभक्ति से सराबोर करने वाला माहौल दिया। बुधवार को 'तिरंगा संगीत कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत था। इसमें प्रतिभागियों ने संगीत, नृत्य, वादन और फैंसी ड्रेस के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसमें 70 से भी अधिक प्रतिभागियों ने मंच साझा किया। मंच पर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। देर शाम तक सजाई गई संगीत की इस श्रृंखला में सैकड़ों की संख्या में दर्शकों और परिजनों की उपस्थिति से उत्साह का माहौल बना।'

# हथेली पर तिरंगा सजा, पांव घुंघरू बांध सुर-ताल से सजे संगीत पर थिरके, देशभक्ति जज्बे से सजा फैंसी ड्रेस

## राजधानी के जीई रोड स्थित कला केन्द्र परिसर में दृष्टिबाधित बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने बांधा समां, जमाया रंग

**रायपुर।** कला केन्द्र में आयोजित देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत संगीत की महफिल में हर वर्ग के लोग बतौर दर्शक उत्साह बढ़ा रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अभिलाषा पैकरा, जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल शामिल हुए। प्रोग्राम का आगाज राज्य गीत की सामूहिक प्रस्तुति से की गई। इसे दृष्टिहीन बच्चों ने भावपूर्ण अंदाज में पेश किया।

इस मौके पर मेरा कर्मा तू, मेरा धर्मा तू, तेरा सब कुछ मैं, मेरा सब कुछ तू... गीत पर दृष्टिबाधित दस प्रतिभागियों की सामूहिक मंचीय प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहा। जैसे-जैसे गीतों की पंक्तियां आगे बढ़ती गईं, दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ती रही। वह दृश्य अद्भुत और प्रेरणादायक था, जिसमें एक ओर मंच पर बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति थी, दूसरी तरफ दर्शक भी तालियों से उनका उत्साहवर्धन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। मंच संचालक का दायित्व निभाते हुए राहुल ठाकुर ने बताया कि दृष्टिबाधित प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य के लिए दिव्य धुन नाम से बैंड ग्रुप शुरू किया है।







### दृष्टिबाधित प्रतिभागियों ने बैंड ग्रुप की शुरुआत की

कार्यक्रम के दौरान 20 वर्षीय लोचन धीवर ने ढोलक की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। बातचीत में लोचन ने बताया कि वे पिछले 6–7 वर्षों से लगातार ढोलक बजाने की प्रैक्टिस कर रहा है। कार्यक्रम में दुष्यंत ने हारमोनियम और भूपेन्द्र ने तबला से मधुर धुन प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। दुष्यंत ने बताया कि वह तबला के साथ-साथ बैंजो, कीबोर्ड और बांसुरी भी कुशलता से बजाते हैं। उसका सपना है कि वो भविष्य में एक संगीत गुरु बनकर अन्य कलाकारों को संगीत की शिक्षा दें।

**दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय के छात्रों ने मचाई धूमः** मठपुरैना स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय के छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। इस प्रस्तुति में भूपेन्द्र, सुनीता, झरना कंवर, सुरजमनी, झरना निषाद, अनुष्का कहर, दुष्यंत मानकर, पार्वती पैकरा, पवन साहू और लोचन धीवर शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान हरिभूमि ने इन प्रतिभागियों से उनकी तैयारी को लेकर विशेष बातचीत की। 10वीं कक्षा की छात्रा सुरजमनी ने बताया कि बीते चार दिनों की मेहनत और नियमित अभ्यास के बाद यह प्रस्तुति संभव हो पाई। उन्होंने बताया कि कला केंद्र में स्कूल समय के दौरान प्रशिक्षक राहुल ठाकुर द्वारा उन्हें संगीत की बारीकियों की विशेष ट्रेनिंग दी गई है।

### हिपहॉप डांस में दिखा युद्ध का दृश्य दर्शकों ने जमकर बजाई तालियां



स्पर्धा में अनंत श्रीवास्तव ने तलवारों पे सर वार दिए अंगारों में जिस्म जलाया है..देशभक्ति गाने पर प्रस्तुति दी। वहीं, सागर और युवराज की हिपहॉप डांस ग्रुप ने अपनी प्रभावशाली परफॉर्मेंस से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। उनके नाटक में युद्ध के दौरान जवानों के संघर्ष और युद्ध कला को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसकी शुरुआत गीत जय हो...गीत से हुई। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में सोनल शर्मा, आदित्य ठाकुर, चिरंजीवी हरधर, रमाकांत पटेल और सुमित गरकड़ी उपस्थित रहे।



### ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने युद्ध नीति पर दी दमदार प्रस्तुति

कला केंद्र के 40 ताइक्वांडो खिलाड़ियों द्वारा युद्ध नीति पर आधारित एक विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत की गई। इसमें प्रतिभागियों ने ताइक्वांडो की विभिन्न युद्ध तकनीकों का मंचन किया, जिसमें आत्मरक्षा के गुर, दुश्मनों के हमलों से बचाव के तरीके और सामने वाले को चित करने की रणनीतियां दिखाई गईं। खिलाड़ियों की सजगता, सटीकता और संतुलन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। यह प्रस्तुति न केवल खेल भावना को दर्शाया, बल्कि युवाओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश भी दिया।

**समाज** लाइव

## गौमाता के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाने गहोई यूथ ने शुरू की मुहिम



**रायपुर।** गहोई यूथ ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में सड़कों पर बैठी गौमाता और उनके कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुहिम शुरू की है। गहोई यूथ द्वारा किए जाने वाले समाज सेवा को देखते हुए यातायात पुलिस ने उनसे संपर्क किया है। इस मुहिम में सहयोग की जानकारी जैसे ही गहोई यूथ ग्रुप को दी गई, उन्होंने इसमें मदद करने का निश्चय किया है। गहोई यूथ के सभी मेंबर्स ने ख़ुद के फंड से गौमाता को रेडियम बेल्ट लगाने के लिए यातायात पुलिस को सौंप दिया है। गहोई यूथ ने इस काम में सहयोग देने का निर्णय इसलिए भी लिया है ताकि गौमाता और लोगों की जान बचाई जा सके।

### यातायात पुलिस के साथ यूथ करेगा सेवा कार्य

मुहिम के संयोजक एवं प्रभारी संतोष गुप्ता ने बताया कि वह सही मायने में जन सरोकार की बेहतरी और गौमाता की वजह से बढ़ते सड़क हादसों को कम करने के लिए कारगर है। इस अभियान से गौमाता और इंसानों की जान बचाई जा सकती है। इस अभियान में यूथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला, डीएसपी गुरमीत सिंह, डीएसपी सतीश ठाकुर, सभी यातायात पुलिस के जवान शामिल हुए। गहोई यूथ के साकेत गुप्ता, ऋषि गुप्ता, विनय गुप्ता, गौरव बरसैया, आलोक गुप्ता इस मुहिम में सहयोगी हैं। मुकेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, सौरव मिश्रा अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव मदद करने तैयार हैं।

**इवेंट** लाइव

## शास्त्रीय नृत्यों की बेजोड़ प्रस्तुति से ऑडिटोरियम में सजाया महोत्सव



**रायपुर।** कृष्णा कॉलेज की ओर से पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित झूम तराना महोत्सव के तीसरे दिन नृत्य, संस्कृति और प्रतिभा का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। मंच पर कला के इस संगम में परंपरा की गरिमा और आधुनिकता का जोश एक साथ झलक रहा था। 225 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति देकर न सिर्फ निर्णायकों, बल्कि दर्शकों का भी दिल जीत लिया। तीसरे दिन की शुरुआत शास्त्रीय नृत्यों से हुई, जिसमें कथक, भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी की प्रस्तुतियों ने सभागार में एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना दिया। कथक के बाद, बच्चों ने भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी से भारतीय नृत्य परंपरा की समृद्धि को बखूबी दर्शाया। इसके बाद युगल नृत्य और वेस्टर्न डांस की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### निर्णायक बने बॉलीवुड कोरियोग्राफर अनिल टंडे

आयोजन में बॉलीवुड कोरियोग्राफर अनिल टंडे, खैरागढ़ विश्वविद्यालय की डॉ. रानी सिंह और डॉ. लिली चौहान निर्णायक मंडल में मौजूद रहे। इन्होंने सभी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभागियों का प्रदर्शन उच्च स्तर का रहा और हर प्रस्तुति में गहन अभ्यास और समर्पण का भाव दिखाई दिया। निर्णायकों ने यह भी कहा कि इस तरह के महोत्सव न केवल छात्रों की कला को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव को भी मजबूत करते हैं। झूम तराना महोत्सव के तीसरे दिन रंग, संगीत और नृत्य से प्रतिभागियों का उत्साह और दर्शकों में जोश देखने को मिला।

**सिटी** लाइव

## सितारों से सजेगा दही हांडी लूट का मंच, लोग उत्सव में करेंगे शिरकत



**रायपुर।** शहर के गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में 16वें वर्ष भी सार्वजनिक दही हांडी उत्सव समिति एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 17 अगस्त की शाम चार बजे से उत्सव की धूम मचेगी। आयोजन समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि इस बार भी भव्य दही हांडी लूट में इनामों की झड़ी लगने वाली है। इस बार अलग-अलग कैटेगरी में विजेताओं को 11 लाख रुपए इनाम दिया जाएगा। इस बार भी दही हांडी लूट के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के सभी इंतजाम किए जाएंगे। इस बार देशभर से इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए गोविंदा टोलियां जुटने वाली हैं। इनके बीच आने वाले दर्शकों को बेहतर माहौल देने के लिए अलग-अलग टीवी शो में अपनी गायकी का जलवा बिखेरने वाले सितारे भी आयोजन का हिस्सा बनने के साथ ही गीत-संगीत की महफिल भी सजाएंगे।

### इन फनकारों की गायकी बनेगी आकर्षण

संयोजक ने आगे बताया कि इस बार भी समिति ने कृष्ण भक्तों को मनोरंजन के साथ उत्सव का हिस्सा बनने का अवसर देगी। अभी तक छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र से भी गोविंदा टोलियों ने पंजीयन करवाया है। इसके साथ ही बॉलीवुड सिंगर पवनदीप राजन, भजन गायिका गीता बेन रबारी अपनी गायकी से लोगों को कृष्णमय माहौल देने के लिए आने वाली हैं। अंचल की लोक गायिका पूनम-दिव्या तिवारी भी अपनी गायकी से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगी। साथ ही ओडिशा की घंटा बाजा टीम भी समां बांधने आ रही है।

# संस्कृत सभी भाषाओं की जननी और समृद्ध भाषा, इसके संरक्षण-संवर्धन के लिए मंथन

**रायपुर।** संस्कृत भारती के नेतृत्व में बुधवार को शहर में कई जगह पर संस्कृत गीत, व्याख्यान और सांस्कृतिक आयोजन किया गया। छह अगस्त से शुरू हुए संस्कृत सप्ताह की कड़ी में कार्यकर्ताओं ने स्कूलों, संस्थाओं, मंदिरों में संस्कृत के प्रचार- प्रसार के लिए आयोजन किए गए। संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि संस्कृत सप्ताह की समाप्ति पर विद्या भारती संस्थान रोहणीपुरम में विद्वत परिषद गोष्ठी की गई। इसका मुख्य विषय वसुधैव कुटुंबकम् था, जिसके मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, विशिष्ट अतिथि हिमांशु भारती और मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी थे। उन्होंने कहा कि संस्कृत को सभी केवल देवभाषा, पुराणों की भाषा समझते हैं, लेकिन कम लोगों को जानकारी है कि यह एक समृद्धशाली और वैज्ञानिक भाषा है। डॉ. वैभव कान्हे एवं डॉ. लूनेश वर्मा ने कहा कि प्राचीन भाषा संस्कृत के प्रति जागरूकता फैलाना जरूरी है।



### संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन पर दिया जोर




छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् में संस्कृत सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश कुमार शर्मा और विशेष अतिथि के रूप में तोयनिधि वैष्णव, रामेश्वर दास वैष्णव, मीर अली मीर और संजय शर्मा मंचस्थ थे। अध्यक्षता जे. के. अग्रवाल, सचिव छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम् ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि विद्यामण्डलम् परीक्षा लेने के साथ ही विभिन्न अकादमिक गतिविधियों में शिक्षक, प्रशिक्षण एवं महापुरुषों की जयंती का आयोजन करें। विशेष अतिथि वैष्णव ने संस्कृत की ऐतिहासिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस बीच रामेश्वर दास वैष्णव, मीर अली मीर एवं संजय शर्मा ने कविताओं का वाचन किया। जिससे देशप्रेम एवं देश की संस्कृति का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार शुक्ला ने किया।

### संस्कृत उपयोगी और जीवन संवारने वाली भाषा

06 से 12 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह पर संस्कृत भाषा के संरक्षण, प्रचार से संबंधित चर्चा, शोभायात्रा, विद्वद् गोष्ठी, संस्कृत में संभाषण, संस्कृत प्रश्नोत्तरी, व्याख्यान, संस्कृत को कॅरियर के रूप में अपनाने, संस्कृत में रोजगार की उपलब्धता पर जोर दिया गया, ताकि आम जनता के साथ पढ़ने वाले बच्चों को संस्कृत की महत्ता तथा संस्कृत के ग्रंथों में समाहित गूढ़ रहस्य को समझ सकें। संस्कृत विज्ञान की भाषा है, दिव्य भाषा है, मधुर भाषा है, सभी भाषाओं की जननी और दुनिया की सबसे पुरानी व समृद्धशाली भाषा है। जरूरत है इसे सही तरीके से सीखने, दैनिक उपयोग में लाने की है। डॉ. प्रवीण झाड़ी एवं डॉ. बहुरण सिंह पटेल ने कहा कि संस्कृत बहुत ही उपयोगी भाषा है, जीवन को संवारने वाली भाषा है। इसके बाद भी कई स्कूलों में संस्कृत के शिक्षक नहीं हैं।



## छात्रों में संस्कार और व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से शुरू किया एक रोटी गाय के नाम अभियान

**रायपुर।** रामनगर स्थित माय ड्रीम वैली स्कूल में बीते 3 वर्षों से 'एक रोटी गाय के नाम' अभियान का संचालन किया जा रहा। इस विशेष पहल में स्कूली बच्चे रोज़ अपने लंच बॉक्स में एक रोटी विशेष रूप से गाय के लिए लाते हैं, जिसे स्कूल में रखी 'रोटी दान पेटी' में जमा किया जाता है। बाद में शिक्षक इन रोटियों को एकत्र कर रास्ते पर बैठीं गौमाताओं या किसी गौशाला में पहुंचाते हैं। स्कूल के प्राचार्य दिशा तलमले ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गाय को देवी के स्वरूप में पूजा जाता है। ऐसे में पशुओं के प्रति छात्रों के मन में सम्मान की भावना एवं व्यक्तित्व विकास के लिए इस पहल की शुरुआत की गई। अब तक तीन सालों में सैकड़ों छात्रों ने इसमें अपनी भागीदारी दर्ज की है। पहले जहां कुछ छात्र व पालक ही रुचि रखते थे, लेकिन अब विद्यालय के सभी छात्रों व पालकों में इसके प्रति रूझान देखा गया है।

### कृष्ण जन्मोत्सव में श्रीकृष्ण व गौमाता की पूजा

इस विशेष अभियान के अंतर्गत हर वर्ष कृष्ण जन्मोत्सव के खास मौके पर विद्यालय में श्री कृष्ण की प्रतिमा के साथ गौमाता की भी पूजा की जाती है, ताकि बच्चे लगाव महसूस कर सकें। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य छात्र केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि वे करुणा, सेवा और दया जैसे मूल्यों को व्यवहार में महसूस करें। पहल के पश्चात छात्रों में गायों के प्रति स्नेह और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना का व्यक्तित्व विकास देखा गया है।

## कुत्तों और बिल्लियों को अब लगाया जाएगा निशुल्क रेबीज टीका, दी जाएगी आहार की सही जानकारी

# शराब मनुष्य को प्रिय लेकिन वह जानलेवा, इसी तरह दूध भी बिल्ली के लिए खतरनाक, इनसे बचाव के लिए टीका जरूरी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शराब कई लोगों को अत्यधिक पसंद होती है, लेकिन यह जानलेवा है। इसी तरह दूध भी बिल्ली को अत्यंत प्रिय है, लेकिन यह बिल्ली के लिए खतरनाक है। दरअसल, बिल्लियां विशेषकर वयस्क बिल्लियां लैक्टोज असहिष्णु होती हैं। अर्थात उनके शरीर में दूध में मौजूद लैक्टोज को पचाने के लिए पर्याप्त एंजाइम नहीं होता है, जिससे पेट खराब, दस्त और उल्टी हो सकती है। ये जानकारी पशु चिकित्सक ने डॉ.पद्म जैन ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को सभी तरह के कुत्ते और बिल्लियों के लिए निशुल्क एंटीरेबीज टीकाकरण शिविर लगाया जा रहा है।





### पेट हेल्थ क्लीनिक में लगाए जाएंगे

इस दौरान लोगों को कुत्ते-बिल्लियों के आहार के संदर्भ में भी जानकारी प्रदान की जाएगी। पेट हेल्थ क्लीनिक द्वारा लगातार 21वें वर्ष भी यह आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से दोहपर 2 बजे तक यह निशुल्क टीके शंकर नगर स्थित अशोका टॉवर के पेट हेल्थ क्लीनिक में लगाए जाएंगे। गली-मोहल्लों के कुत्तों-बिल्लियों के साथ अपने पालतुओं को भी लोग टीकाकरण के लिए साथ ला सकते हैं।

### प्रत्येक कुत्ते-बिल्ली के लिए एक पौधा

रेबीज टीकाकरण के अलावा इस दौरान पौधों का वितरण भी किया जाएगा। कुत्ते-बिल्ली लेकर आने वाले पशु प्रेमियों को प्रति पशु एक पौधा प्रदान किया जाएगा, ताकि वे पशु प्रेम के साथ प्रकृति संरक्षण में भी सहयोग दे सकें। इसके लिए नेचर एंड हेल्थ वेलफेयर सोसायटी द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। लोगों को पेड़-पौधे लगाने के उचित तरीके भी बताए जाएंगे।



### टिंचर आयोडिन या स्पिरीट का करें इस्तेमाल

डॉ.जैन ने बताया कि पालतू जानवरों को प्रतिवर्ष एंटी रेबीज टीका लगवाएं, इससे रेबीज से बचने में मदद मिलती है। यदि पालमू या जंगली जानवार काट ले तो तुरंत ही घर पर प्राथमिक उपचार करें। इसके लिए काटे हुए स्थान को बहते हुए पानी से करीब 10 मिनट तक लगातार धोएं। इसके लिए साबुन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। घाव को जितनी जल्दी धोएं उतना बेहतर है। इसके बाद कटे हुए स्थान पर टिंचर आयोडिन या स्पिरीट लगाना चाहिए। टिंचर आयोडीन एक एंटीसेप्टिक (कीटाणुनाशक) घोल है जिसमें आयोडीन, अल्कोहल और पानी होता है। इसके बाद जल्द से जल्द से चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजधानी में स्वतंत्रता दौड़ आज




**रायपुर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को सुबह 7:30 बजे, स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर से प्रारंभ होकर खजाना चौक से यू टर्न लेते हुए पुनः शहीद भगत सिंह चौक (शंकर नगर चौक) तक यह स्वतंत्रता दौड रखी गई है। इस दौड़ में विद्यालय के छात्र छात्रांए एनएसएस, एनसीसी स्काउट के कैडेट, खिलाड़ी एवं खेल संघो के पदाधिकारी शामिल होगें । खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सभी नागरीको से 14 अगस्त को सुबह 7 बजे शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर पर उपस्थित होकर स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने की अपील की गई है।

### इंटर स्टेट क्रिकेट में इरफान ने 2 विकेट लिए, सानिध्य के 67 रन



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस सीनियर इंटर स्टेट वन डे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। बुधवार को छत्तीसगढ़ का वनडे मैच पुडुच्चेरी के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 308 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से सानिध्य हुरकत ने 67 रन तथा प्रतीक यादव ने 60 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त इयान कॉस्टर तथा आनंद राव ने 40-40 रनों का योगदान दिया। पुडुच्चेरी की ओर से कृष्णा दत्त पांडेय ने 5 विकेट तथा सागर प्रकाश ने 2 विकेट लिए। 309 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुडुच्चेरी टीम ने 5 विकेट खोकर 47.4 ओवरों में 312 रन बनाकर मैच जीत लिया। पांडेचेरी की ओर से कमलीश्वरन ने सर्वाधिक 116 नाबाद रनों का योगदान दिया। साथ ही वेदांत ने 66 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मो इरफान ने 2 विकेट प्राप्त किये। पुडुच्चेरी ने मैच 5 विकेट से जीत लिया।

### एनटीपीसी सीनियर फुटबॉल में दुर्ग की टीम उपविजेता रही




**भिलाई।** एनटीपीसी कोरबा के सीएसआर एवं स्पोर्ट्स कॉउंसिल और छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम कोरबा में एनटीपीसी सीनियर महिला अंतर जिला राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। फाईनल मैच जिला फुटबॉल संघ बस्तर विरुद्ध जिला फुटबॉल संघ दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें जिला फुटबॉल संघ बस्तर की टीम ने 3-2 से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पहला गोल बस्तर की टीम से मुस्कान ने किया और बस्तर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। प्रतियोगिता का दूसरा गोल दुर्ग टीम की जाह्नवी साहू ने किया और टीम को एक एक की बराबरी में लाकर खड़ा किया। प्रतियोगिता का तीसरा गोल बस्तर टीम की प्रियंका ने किया और टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। प्रतियोगिता का चौथा गोल भी बस्तर टीम की प्रियंका ने किया और टीम को 3-1 से बढ़त दिलाई। इस अंतर को दुर्ग की जाह्नवी साहू के एक और गोल ने 3-2 में लाकर खड़ा कर दिया। इस तरह बस्तर टीम 3 - 2 विजय हुई। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एनटीपीसी कोरबा के सीएसआर एवं स्पोर्ट्स कॉउंसिल विभाग का भरपूर सहयोग रहा। दुर्ग टीम की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव डॉ जीडी गांधी, दुर्ग जिला फुटबॉल संघ के सचिव मोहनलाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### शालेय योगासन में शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** तिलक भारती स्कूल में आयोजित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय एक दिवसीय शालेय योगासन प्रतियोगिता में शिवोम विद्यापीठ स्कूल के योग खिलाड़ियों ने शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें वृक्षिक आसन, शलभासन, हनुमान आसन, मयूर आसन, चक्रासन और भूमिनमन का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर जिले के 25 स्कूलों ने भाग लिया। स्पर्धा में आसनों के साथ रिदमिक, आर्टिस्टिक योग भी शामिल थे।

## बदलती जीवनशैली के चलते गैजेट्स की लत बढ़ा रही परेशानियां

# हमारी आदतें जिम्मेदार होती हैं कान को नुकसान पहुंचाने में, गैजेट्स पर निर्भरता कीजिए नियंत्रित

कम सुनाई देने या बहरेपन का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। उम्र बढ़ने के साथ कानों की बीमारियां होना सामान्य माना जाता है पर हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आश्चर्यजनक रूप से पिछले कुछ वर्षों में कम आयु के लोगों में भी ये खतरा बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक हालिया रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, खास तौर पर ईयरबड्स और हेडफोन के बढ़ते उपयोग के कारण कम सुनाई देने और बहरेपन के मामले अब काफी ज्यादा हो गए हैं।डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में सावधान करते हुए कहा, 12 से 35 वर्ष की आयु के एक बिलियन (100 करोड़) से अधिक लोगों में सुनने की क्षमता कम होना या बहरेपन का जोखिम हो सकता है। इसके लिए मुख्यरूप से लंबे समय तक ईयरबड्स से तेज आवाज में संगीत सुनने और शोरगुल वाली जगहों पर रहना एक बड़ा कारण माना जा रहा है। तेज आवाज वाले ये उपकरण आंतरिक कान को क्षति पहुंचाते हैं। सभी लोगों को इन उपकरणों का इस्तेमाल बड़ी सावधानी से करना चाहिए।



### तेज आवाज से कानों को हो रहा है नुकसान

रिपोर्ट के मुताबिक ईयरबड्स या हेडफोन के साथ पर्सनल म्यूजिक प्लेयर का इस्तेमाल करने वाले लगभग 65 प्रतिशत लोग लगातार 85 (डेसिबल) से ज्यादा आवाज में इसे प्रयोग में लाते हैं। इतनी तीव्रता वाली आवाज को कानों के आंतरिक हिस्से के लिए काफी हानिकारक पाया गया है।

शरीर के अन्य भागों में होने वाली क्षति के विपरीत, आंतरिक कान की क्षति के ठीक होने की संभावना भी कम होती है। तेज आवाज के संपर्क के कारण समय के साथ कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होती जाती हैं। इससे सुनने की क्षमता और भी खराब होती जाती है। वैश्विक स्तर पर आने वाले दशकों में करोड़ों लोगों में इस तरह की समस्या होने की आशंका है।

### विशेषज्ञों ने जताई चिंता?

कोलोराडो विश्वविद्यालय में ईएनटी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ डैनियल फिंक कहते हैं,



मुझे लगता है कि व्यापक स्तर पर, चिकित्सा और ऑडियोलॉजी समुदाय को इस गंभीर खतरे को लेकर ध्यान देने की आवश्यकता है। युवा आबादी में ईयरबड्स जैसे उपकरणों का बढ़ता इस्तेमाल 40 की उम्र तक सुनने की क्षमता को कम कमजोर करने वाली स्थिति हो सकती है।

### डिमेंशिया का भी बढ़ जाता है जोखिम

साल 2011 के एक अध्ययन के अनुसार सुनने की क्षमता में कमी को सिर्फ कानों का समस्याओं तक ही सीमित नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे लोगों में मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों जैसे डिमेंशिया का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। सुनने की क्षमता में कमी वाले लोगों में डिमेंशिया रोग होने का जोखिम दो गुना अधिक देखा गया। वहीं जिन लोगों को बिल्कुल नहीं सुनाई देता था या जो लोग बहरेपन के शिकार थे उनमें डिमेंशिया के खतरे को पांच गुना अधिक पाया गया।

डॉ डैनियल कहते हैं, कुछ आशाजनक अध्ययनों से पता चलता है सुनने की समस्याओं का इलाज करने से संज्ञानात्मक गिरावट और मनोभ्रंश का जोखिमों को कम किया जा सकता है।

### कम रखें ध्वनि

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ध्वनि को डेसिबल नामक इकाई में मापा जाता है। 60-70 डेसिबल या उससे कम की ध्वनि को आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है। हालांकि, 85 या उससे अधिक की ध्वनि के लंबे समय तक या बार-बार संपर्क में रहने से सुनने की क्षमता कम हो सकती है। ईयरबड्स और हेडफोन्स जैसे उपकरणों की ध्वनि 100 से अधिक हो सकती है।





## हर गृहणी के लिए जरूरी है कुछ योगासनों का अभ्यास

बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर उम्र के लोगों के लिए योगासन लाभदायक होता है। बच्चों से लेकर बड़े और पुरुषों से लेकर महिलाओं तक को नियमित योगासन का अभ्यास करना चाहिए। हालांकि ज्यादातर महिलाएं दिनभर के कामकाज के कारण खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। नतीजा होता है कि महिलाओं को मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड और घुटने के दर्द जैसी समस्याएं हो जाती हैं। ऐसे में योग महिलाओं को होने वाली इन सभी समस्याओं का स्थाई इलाज है। इन शारीरिक तकलीफों से दूर रहने और खुद को स्वस्थ रखने के लिए दिनभर के व्यस्त समय से खुद के लिए समय निकालकर कुछ योगासन जरूर करें। यहां आपको कुछ ऐसे योगासनों के बारे में बताया जा रहा है जो गृहिणी के लिए फायदेमंद हैं। अगली स्लाइड्स में जानिए महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक योगासनों के बारे में।

**धनुरासन**–धनुरासन महिलाओं के मासिक धर्म संबंधी विकृतियों को दूर करता है। इस योगासन से मांसपेशियों का अच्छा खिंचाव होता है, जिससे पेट की चर्बी कम होती है। धनुरासन करने के लिए पेट के बल लेट कर अपने घुटनों को मोड़ते हुए टखनों को हथेलियों से पकड़ें। अब अपने पैरों और बाहों को अपनी क्षमता के मुताबिक ऊपर उठाएं। ऊपर देखते हुए कुछ देर इसी मुद्रा में रहें और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस प्रक्रिया को दोहराएं।

**बालासन**– इस योगासन से शरीर लचीला बनता है। इस योगासन के अभ्यास से मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है। बालासन करने के लिए जमीन पर वज्रासन अवस्था में बैठ कर सांस अंदर लेते हुए अपने दोनों हाथों को सीधा सिर के ऊपर उठा लें। अब सांस बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। अपनी हथेलियों और सिर को जमीन पर टिकाते हुए लंबी सांस अंदर लें और बाहर छोड़ें। हाथों की उंगलियों को आपस में जोड़ते हुए सिर को दोनों हथेलियों के बीच में धीरे से रख लें। कुछ देर बाद पुरानी स्थिति में आ जाएं।

**सुखासन**– मानसिक और शारीरिक शांति के लिए सुखासन का अभ्यास मददगार है। इस आसन को योग की शुरुआत करने से पहले किया जाता है। ताकि सांस लेने की प्रक्रिया पर नियंत्रण किया जा सके। आसन को करने के लिए जमीन पर पालथी मारकर बैठ जाएं और दोनों आंखों को बंद करते हुए हथेलियों को घुटनों पर रखें। फिर गहरी सांस लें। यह प्रक्रिया दोहराएं।

**मलासन**–इस योगासन का अभ्यास करने से पैरों और जांघों की हड्डियों को मजबूती मिलती है। साथ ही आसन पैरों में या जांघों में होने वाले दर्द में राहत मिलती है। मलासन का अभ्यास करने के लिए मैट बिछाकर सबसे सीधा खड़े हो जाएं। अब घुटनों को मोड़कर हाथों को नमस्ते के पोज में बैठ जाएं। इस दौरान घुटनों के बीच दूरियां बनाकर रखें।

## कोने वाले घर को लेकर जानिए वास्तु का प्रभाव

घर लेने से लेकर उसमें रहने तक से संबंधित वास्तु शास्त्र में कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं। घर लेते समय अक्सर लोग उसकी खूबसूरती और सुख-सुविधा पर ध्यान देते हैं, जबकि देना चाहिए उसकी दिशा और उसके स्थान पर ध्यान। वास्तु शास्त्र का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसा इसलिए क्योंकि हर एक वस्तु जो हम से जुड़ी है उसका नाता कहीं न कहीं वास्तु से होता है। इसी कारण से घर, दुकान, वाहन, आदि स्थानों पर वास्तु के अनुसार ही कार्य या उपाय करना चाहिए ताकि दोष न लगे और शुभता प्राप्त हो सके। वहीं, अगर सिर्फ घर की बात करें तो घर लेने से लेकर उसमें रहने तक से संबंधित वास्तु शास्त्र में कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं।

### क्या कोने वाला घर खरीदना चाहिए?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, कोने वाला घर तीन दिशाओं से खुला होता है जो केतु के आधीन होती हैं। ऐसे में कोने वाले घर पर केतु का गहरा प्रभाव पड़ता है। केतु को जहां एक ओर ज्योतिष शास्त्र में पाप ग्रह माना गया है तो वहीं, वास्तु शास्त्र में उसे नेगेटिव एनर्जी ज्यादा पैदा करने वाला ग्रह माना जाता है।

## अक्सर मिक्सी से गिर जाता है मसाला तो इन टिप्स को जरूर कीजिए फॉलो

मिक्सी का इस्तेमाल हम सभी के घरों में चीजों को पीसने के लिए होता है। किन इस मशीन के साथ एक दिक्कत भी है, कि इसमें लीक्वीड चीजें पीसते वक्त अक्सर वह बाहर निकल जाते हैं। मिक्सी का इस्तेमाल हम सभी के घरों में चीजों को पीसने के लिए होता है। लहसुन-प्याज और अदरक से लेकर चटनी, जूस, दही, छाछ और अन्य कई सारी चीजों को पीसने और मिलाने के लिए इस उपयोगी मशीन का इस्तेमाल किया जाता है। बता दें कि इस मशीन से काम तो आसान होता ही है, साथ ही काम करने में मेहनत कम लगता है। लेकिन इस मशीन के साथ एक दिक्कत भी है, कि इसमें लीक्वीड चीजें पीसते वक्त अक्सर वह बाहर निकल जाते हैं और हर तरफ फैल जाते हैं, बता दें कि इससे काम बढ़ जाता है।


































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रामी विजेता एडी पामिएरी नहीं रहे, रूंबा और लैटिन जैज के थे संगीतकार



रूंबा और लैटिन जैज के संगीतकार एडी पामिएरी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। फैनिया रिकॉर्ड्स ने पामिएरी के निधन के बारे में जानकारी दी। पामिएरी की बेटी गैब्रिएला ने बताया कि उनके पिता का उसी दिन न्यू जर्सी स्थित उनके घर पर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पियानोवादक, संगीतकार और बैंड लीडर पामिएरी ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले पहले लैटिनो थे। उन्होंने अपने करियर में सात और बड़े पुरस्कार जीते।

पामिएरी का जन्म न्यूयॉर्क के स्पेनिश हार्लेम में 15 दिसंबर, 1936 को हुआ था। उस समय संगीत को गुलामी से बाहर निकलने का एक जरिया माना जाता था। उन्होंने अपने भाई चार्ली पामिएरी की तरह कम उम्र में ही पियानो सीखना शुरू कर दिया था। 13 साल की उम्र में वह अपने चाचा के ऑर्केस्ट्रा के साथ जुड़ गए। अपनी वेबसाइट पर लिखी अपनी जीवनी में पामिएरी ने एक बार कहा था, 'मैं एक कुंठित तालवादक हूं, इसलिए मैं पियानो पर अपना गुस्सा निकालता हूं।' उन्होंने सबसे पहले 1975 में एल्बम 'द सन ऑफ लैटिन म्यूजिक' के लिए ग्रामी जीता। उन्होंने 80 के दशक में भी संगीत जारी रखा। इवस्ट्रीम के माध्यम से उन्होंने कोरोना वायरस महामारी के दौरान प्रदर्शन किया। साल 2011 में एसोसिएटेड प्रेस के साथ बातचीत में जब पामिएरी से पूछा गया कि क्या उनके पास करने के लिए कोई अहम काम बाकी है, तो उन्होंने कहा 'पियानो अच्छी तरह बजाना सीखना। पियानो बजाने वाला बनना एक बात है। पियानोवादक होना दूसरी बात है।'

1980 के दशक में पामिएरी ने 'पालो पा' रूंबा' (1984) और 'सोलिटो' (1985) एल्बमों के लिए दो और ग्रामी पुरस्कार जीते। कुछ साल बाद, उन्होंने 'लेगो ला इंडिया वाया एडी पामिएरी' एल्बम के साथ गायक ला इंडिया को साल्सा की

### टॉलीवुड

## 'द पैराडाइज' में नानी निभाएंगे जदाल का किरदार, फैंस ने दी मजेदार प्रतिक्रिया



नानी की नई आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म ₹द पैराडाइज₹ से उनके किरदार का लुक जारी किया गया है। जिसमें उनका अ नो खा अंदाज फैंस को भी हैरान कर रहा है। इस फिल्म में उनके किरदार का नाम है जदाल। तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द पैराडाइज' का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है, जिन्होंने पहले नानी के साथ फिल्म 'दशहरा' में साथ काम किया है। नानी फिल्म 'द पैराडाइज' में 'जदाल' नाम के किरदार में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने एक्स हैंडल पर नानी की एक शानदार तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'इसका नाम जदाल.... ' इस लुक में नानी घनी दाढ़ी, लंबी मूंछें और दो चोटियों में खतरनाक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो काफी साहसिक और अलग है। निर्माताओं ने इस किरदार को बेबाकी से पेश किया है। आंखों पर काला चश्मा और गले में ब्लैक सिल्वर ज्वैलरी में नानी का लुक फैंस को हैरान कर रहा है। नानी को जदाल के लुक में देखने के बाद फैंस ने भी जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'क्या यह लुक किसी फिल्म या किरदार से प्रेरित है', एक और फैन ने लिखा, 'जदाल...आधुनिक लुक और चोटियों से हैरान हूं...', एक फैन ने लिखा, 'गैंगस्टर ड्रामा...'

फिल्म 'द पैराडाइज' में नानी के अलावा जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी जबकि मोहन बाबू और राघव जुयाल सहायक किरदार भूमिका निभाएंगे। 'द पैराडाइज' 1980 के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो एक हाशिए पर पड़े समुदाय की कहानी दिखाती है, जो एक नेता की तलाश में है। फिल्म को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश में 26 मार्च, 2026 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्माण एसएलवी सिनेमाज कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## चुड़ैल की कैद में हीरोइन के सईयां जी, दो बीवियों के बीच घुन बनकर पिसे विक्रांत



भोजपुरी स्टार विक्रांत सिंह राजपूत की नई फिल्म 'सईयां जी की जय हो' का ट्रेलर आ गया है। इस फिल्म में विक्रांत के साथ चांदनी सिंह, जोया खान और प्रीति मौर्या भी हैं। ट्रेलर में रोमांस और कॉमेडी का भरपूर मसाला है। फिल्म के गाने और लोकेशन भी बहुत अच्छे हैं।

भोजपुरी सिनेमा के फेमस स्टार विक्रांत सिंह राजपूत अपनी फिल्मों से फैंस के दिलों पर राज करते हैं। अब वो एक और धमाकेदार भोजपुरी फिल्म लेकर आ रहे हैं जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक्टर की आने वाली फिल्म 'सईयां जी की जय हो' का आधिकारिक ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ, जो चार मिनट के लगभग समय में रोमांच, रोमांस और मनोरंजन की मिशाल पेश करता है।

ट्रेलर की शुरुआत एक दमदार एंट्री के साथ होती है, जहां विक्रांत सिंह राजपूत का मजेदार अंदाज दर्शकों को तुरंत अपनी ओर खींचता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि विक्रांत सिंह राजपूत तीन खूबसूरत हीरोइनों- चांदनी सिंह, जोया खान और प्रीति मौर्या के साथ इश्क करते हुए नजर आएंगे, जो फिल्म को एक मसालेदार रोमांटिक कॉमेडी का रूप देते हैं उनकी केमिस्ट्री और डायलॉग्स दर्शकों को हंसाने और रोमांचित करने में कामयाब है। विजुअल्स में प्रयागराज के गंगायमुनासरस्वती संगम तट की खूबसूरती साफ दिखती है, जिससे फिल्म में स्थानीय रंग और सांस्कृतिक प्रभाव को बखूबी शामिल किया गया है ।




मुंबई में हुआ वैदिक वोग (फ़ैशन शो) इन दिनों चर्चा में है। इस फ़ैशन शो की थीम परंपरा, ट्रेंड और भविष्य के नवाचार का मिश्रण थी। जिसमें डिज़ाइनरों और मॉडल्स अपने हस्तनिर्मित कपड़ों, पारंपरिक रूपांकनों और तकनीक से प्रेरित सौंदर्यबोध से सजे कलेक्शन से अपनी चमक बिखेरी। कुछ जानी-मानी हस्तियों सहित सेलिब्रिटी जजों के साथ पूरी गतिविधियां बेहद रोचक रहीं। शो को बेहद तारीफ मिली।

## काले होंठों से होती है शर्मिंदगी तो अपनाएं ये नुस्खे

सुर्ख गुलाबी हॉट किस पसंद नहीं होते। हर कोई चाहता है कि उनके होंठ गुलाबी बने रहें लेकिन कई बार ऐसा होता है कि होठों का रंग अपने आप काला पड़ने लगता है। वैसे तो होंठ गुलाबी करने के लिए कई तरह की ट्रीटमेंट अब बाजार में आने लगे हैं लेकिन आप चाहे तो कुछ घरेलू नुस्खे अपना कर भी होंठों का गुलाबीपन वापस पा सकते हैं।

यहां आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से कुछ ही दिनों में होंठों का कालापन दूर होने लगेगा। इन नुस्खों के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि अगर इनसे आपको एलर्जी हो तो उसका पता लगा सके।

### नींबू और शहद

आपके घर में आपको नींबू का रस और शहद तो आसानी से मिल ही जाएगा। इन दोनों चीजों को मिलाकर होंठों पर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर धो लें। नींबू प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट होता है और शहद मॉइस्चराइज करता है। इसके इस्तेमाल से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

### नारियल तेल

ये नुस्खा सबसे आसान है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस रात को सोने से पहले होंठों पर नारियल तेल लगाना है। यह होंठों को नमी देता है और उनकी रंगत को सुधारता है। इससे होंठों का कालापन भी दूर होता है।

### एलोवेरा जेल



अगर आपके घर पर फ्रेश एलोवेरा जेल है तो इसके इस्तेमाल से होंठों पर लगाने से उनके कालेपन में कमी आ सकती है। एलोवेरा में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन होते हैं जो होंठों की रंगत को बेहतर बनाते हैं।

### गुलाब की पंखुड़ियां

इसका इस्तेमाल करना थोड़ा कठिन है लेकिन ये काफी फायदेमंद है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको गुलाब की पंखुड़ियों को पीसकर उसमें दूध मिलाकर होंठों पर लगाना है। इससे होंठों का रंग निखरता है और कालापन दूर होता है।

## हर मौके के लिए परफेक्ट हैं ट्रेंडी चिकनकारी कुर्ता सेट



अगर आप भी किसी फंक्शन पर पहनने के लिए आउटफिट को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो अब आप इन ट्रेंडिंग लेटेस्ट चिकनकारी सूट को ट्राई कर अपना जलवा बिखेर सकती हैं। अगर आप भी हमेशा फंक्शन के हिसाब से पहनने के लिए आउटफिट को लेकर परेशान रहती हैं या आप जल्द डिसाइड नहीं कर पति हैं कि आखिर क्या पहने तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसी खास ट्रेंडी चिकनकारी कुर्ता सेट डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें देखकर आपका उन्हें खरीदने का मन करेगा। आइए जानते हैं इन चिकनकारी कुर्ता सेट के बारे में।

### ट्रेंडी चिकनकारी कुर्ता सेट डिजाइन

आप अपनी खूबसूरती में रंग भरने के लिए और भीड़ से अलग दिखने के लिए ये खूबसूरत मौवे मसलिन चिकनकारी स्ट्रेट कुर्ती सेट ट्राई कर सकती हैं। इस कुर्ती को आप प्लाजो या ट्राउजर के साथ पेयर कर पहन सकती हैं। आप इस आउटफिट को किसी फंक्शन, इवेंट, फेस्टिवल या फिर ऑफिस और कॉलेज में भी पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ मिनिमल मेकअप और एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं।

### व्हाइटकलर का जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट

यही नहीं अगर आप किसी भी खास मोके पर पहनने के लिए आउटफिट सिलेक्ट नहीं कर पा रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस खूबसूरत और ट्रेंडिंग व्हाइट कलर का जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। आप इस चिकनकारी सूट को ऑनलाइन खरीद सकती हैं या कपडा लाकर इसे बनवा भी सकती हैं।

### स्ट्रैट कट राउंड नेक जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट

स्ट्रैट कट राउंड नेक जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट आपकी खूबसूरती में रंग भरने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे आप पहनकर अपने फंक्शन या इवेंट में मौजूद हर एक शख्स का दिल जीत सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप प्लाजो या ट्राउजर पहन सकती हैं। यही नहीं आप मैचिंग दुपट्टा भी इस चिकनकारी सूट के साथ शामिल कर सकती हैं। आप इस सूट को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### लाइम ग्रीन जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट

आप अगर अपनी दोस्त की शादी में जा रही हैं और वहां पहनने के लिए ऐसे ऑउटफिट की तलाश में हैं, जो दिखने में खूबसूरत हो।

## हैवी मेकअप नहीं पसंद तो रखें नो मेकअप लुक

मौका त्यौहार का हो या फिर किसी पार्टी का, बारिश के मौसम में हैवी मेकअप करना आपको परेशान कर सकता है। इसी के चलते अगर आप हल्का मेकअप करना चाहती हैं तो नो मेकअप लुक करें।

यहां हम आपको नो मेकअप लुक अप्लाई करने का सही तरीका बताएंगे। ताकि आप खूबसूरत भी लगे और हैवी मेकअप से आपको उलझन भी ना हो। नो मेकअप लुक आजकल काफी ट्रेंड में है और यह काफी अच्छा भी लगता है।

### चेहरा करें साफ

नो मेकअप लुक पाने के लिए सबसे पहले एक अच्छे फेसवॉश से चेहरे को अच्छी तरह से धोएं ताकि त्वचा पर से सभी गंदगी और तेल हट जाए। ध्यान रखें ये आपकी स्किन टाइप का ही होना चाहिए।

### मॉइस्चराइजर लगाएं

चेहरा रूखा न लगे, इसके लिए अपने चेहरे को हाइड्रेटेड रखने के लिए एक हल्का मॉइस्चराइजर लगाएं। अगर त्वचा रूखी दिखेगी तो इससे भी आपका लुक बिगड़ सकता है।



### सनस्क्रीन लगाएं

भले ही बारिश का मौसम चल रहा है लेकिन फिर भी त्वचा पर सनस्क्रीन लगाएं। ये आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाने का काम करेगी।

### बीबी क्रीम

नो मेकअप लुक में आपको फाउंडेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। हल्की सी बीबी क्रीम को अपनी त्वचा पर लगाएं और फिर इसका लुक देखें। ध्यान रखें कि बीबी क्रीम की मात्रा काफी कम होनी चाहिए।

### ब्लश और हाइलाइटर

बेस हैवी नहीं लगा रहे हैं इसलिए ब्लश और हाइलाइटर भी कम ही इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे की चमक दिखेगी और आपका लुक प्यारा दिखेगा।

## पहली बार पहन रहीं हैं साड़ी तो इन बातों का जरूर रखें

अगर आप पहली बार साड़ी पहन रहीं हैं तो कुछ बातों का अवश्य ध्यान रखें। इन बातों को ध्यान में रखकर आप अपने लुक को और खूबसूरत बना सकती हैं।

पेटीकोट की फिटिंग हो सही
अगर पहली बार साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके लिए फिटिंग का पेटीकोट अवश्य बनाएं। बहुत सी लड़कियां अपनी मम्मी या बड़ी दीदी का पेटीकोट पहन लेती हैं। जिस वजह से उनका लुक खराब हो जाता है। ये गलती कभी न करें। पेटीकोट हमेशा अपनी ही फिटिंग का बनवाएं, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।

ब्लाउज की सही फिटिंग और डिजाइन भी है जरूरी
साड़ी के लुक को खूबसूरत बनाने के लिए सही ब्लाउज का चयन अवश्य करें। अगर ब्लाउज सही फिटिंग का नहीं होगा तो आप असहज हो सकती हैं। ऐसे में अपनी साड़ी से मैच करता हुआ ब्लाउज तैयार करें। इसकी डिजाइन का चयन अपने हिसाब से करें, ताकि आप देखने में खूबसूरत लगें।



### लंबाई हो सही

साड़ी की लंबाई अगर सही नहीं होगी, तो ये आपका लुक खराब कर सकती है। साड़ी हमेशा फुटवियर पहनने के बाद ही बांधें। अगर ये लंबी होगी तो आपको चलने में परेशानी हो सकती है। वहीं अगर साड़ी छोटी बांधेंगी तो नीचे दिखता हुआ पेटीकोट लुक बिगाड़ सकता है।

### सही से करें पल्लु ड्रेप

अगर पहली बार साड़ी पहन रहीं हैं तो पल्लु को सही से ड्रेप करके पिन करें। खुला पल्लु आपको परेशान कर सकता है। अगर आप कंफर्टेबल हैं तो पल्लु को खुला भी रख सकती हैं।

### फुटवियर और आभूषण

पहली बार साड़ी पहन रहीं है तो उसके साथ ज्यादा हील्स वाले फुटवियर न पहनें। इससे आप परेशान हो सकती हैं। साड़ी के साथ फुटवियर वही पहनें, जिसमें आप पहले से ही सहज हों। इसके साथ-साथ ज्वेलरी को भी मिनिमल ही रखें।

कार्नर न्यूज

### आज के दौर में तोहफे देने का बदला है अंदाज

## अपने करीबी को स्टाइलिश दिखने का शौक है तो तोहफे में दें कुछ खास, निभाइए रिश्ते

आप अपने करीबी को क्या तोहफा देना चाहते हैं, यह आपकी नहीं बल्कि सामने वाले की पसंद पर भी निर्भर करता है। नौजवानों की पसंद तो सबसे जुदा होती है। जरूरी नहीं कि तोहफा देने और पाने वाले दोनों की पसंद एक सी हो। मान लीजिए जिसे आप तोहफा देने जा रहे हैं, उन्हें हमेशा स्टाइलिश दिखने का शौक है तो आप उन्हें तोहफे में ब्यूटी प्रोडक्ट दे सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी स्किन केयर, हेयर केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अपने करीबी को तोहफे में दे सकते हैं। इन चीजों को खरीदते वक्त आपके ज्यादा पैसे खर्च नहीं होंगे।

### हेयर स्टाइलिंग किट

आजकल की लड़कियां अलग-अलग तरह की हेयर स्टाइल बनाना पसंद करती हैं, ऐसे में आप अपनी बहन को हेयर स्टाइलिंग किट तोहफे में दे सकते हैं। इस किट में स्ट्रेटनर, कर्लर और हेयर ड्रायर मिलेगा। ये आपको हर बजट में मिल जाएगी। अगर पूरा किट देने का बजट नहीं है तो इनमें से एक चीज भी तोहफे में दे सकते हैं।



### मेकअप बॉक्स

हर लड़की के पास ढेर सारा मेकअप होता है। आप उस मेकअप को रखने के लिए उन्हें अलग सा स्टाइलिश मेकअप बॉक्स तोहफे में दे सकते हैं। इसमें वो अपने महंगे मेकअप को आराम से रख सकती हैं। इससे वो खराब होने से बचा रहेगा।

### लिपस्टिक सेट

लिपस्टिक का शौक तो हर उम्र की महिला को होता है। ऐसे में आप अपनी बहन को लिपस्टिक का सेट तोहफे में दे सकते हैं। लिपस्टिक खरीदते वक्त अपनी बहन की पसंद के शेड का ध्यान रखें। जिस तरह के शेड वो लगाना पसंद करती हैं, उसी तरह से शेड उन्हें तोहफे में दें।




### मेकअप ब्रश सेट

मेकअप करते वक्त ब्रश का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आप अपनी बहन को मेकअप ब्रश का पूरा सेट तोहफे में दे सकते हैं। ध्यान रखें इसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए, वरना ये आपकी बहन की स्किन खराब कर सकते हैं।

### सीटीएम किट

खूबसूरत दिखना तो हर लड़की को पसंद होता है। ऐसे में आप उन्हें किसी अच्छे ब्रांड की सीटीएम किट तोहफे में दे सकती हैं। इसके इस्तेमाल से उनकी त्वचा खिल उठेगी। इसे खरीदते वक्त स्किन टाइप का खास ध्यान रखें।

